RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 335

हिसार | शनिवार, 2 मार्च, 2024

फोन : 98964-72584, 92552-73410

मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ ६







# लोकसभा चुनाव की घोषणा 11 मार्च के बाद, भाजपा के 90 कार्यालयों का किया उद्घाटन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 2 मार्च :** सीएम मनोहर लाल ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा 11 मार्च के बाद होगी। 11 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी गुरुग्राम आएंगे। वहां वह द्वारका एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने पब्लिक मेगा रीच प्लान तैयार किया है। हाल ही में संकल्प पत्र के बहाने 1 करोड़ लोगों की राय लेकर पब्लिक तक पहुंचने जा रही है। मनोहर लाल ने शनिवार (2 मार्च) को गुरुग्राम से वर्चुअली 90 विधानसभाओं के भाजपा दफ्तरों का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि इस समय सभी 90 विधानसभा सीटों पर करीब 1.5 लाख लोग मेरे साथ जुड़े हुए हैं। यह भावना ही है कि भाजपा के कार्यकर्ता इतनी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में जुड़े हैं। यह संख्या बताती है कि इस बार लोकसभा



चुनाव में फिर से 2019 जैसी स्थिति होने वाली है।

सीएम मनोहर लाल ने कहा कि आज हम जिस विषय पर चर्चा करेंगे वह लोकसभा चुनाव है। अब समय आ गया है कि हमें हर कार्यक्रम जोरशोर से करना होगा। चुनाव एक तरह का उत्सव है। यह लोकतांत्रिक उत्सव है। यह दुनिया का सबसे बड़ा उत्सव है। आबादी के नाते भी कहा जाता था कि चीन की सबसे ज्यादा है, लेकिन अब ऐसे आंकड़े आ रहे हैं कि हम चाइना को पीछे छोड़ने जा रहे हैं, लेकिन वहां लोकतंत्र नहीं है। इस चुनावी उत्सव में 18 साल का हर व्यक्ति भाग लेता है। इस उत्सव में सभी राजनीतिक विचारधारा के लोग भाग लेते हैं। भले ही सबकी विचारधारा अलग हो, लेकिन इसमें सब बढ़चढ़ भाग लेते हैं। देश भर में इस चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारी सबसे आगे है। हमने सभी लोकसभा चुनाव को लेकर ऑफिस खोल चुके हैं।

## प्रदेश की 10 की 10 लोकसभा सीट जीतेगी भाजपा : सीएम

सीएम ने कहा कि केंद्र में 400 पार, हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीट लेना है। 20 हजार बूथ, 3 लाख पन्ना प्रमुख और इससे अधिक कार्यकर्ताओं को अपने-अपने काम में लगना है। जल्द ही कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी बांटी जाएगी। हरेक कार्यकर्ता को जिम्मेदारियां मिलेगी। सबसे गंभीर काम इस चुनाव में पन्ना प्रमुख का रहने वाला है। बूथ जीत लेते हैं तो चुनाव जीत जाएंगे। सीएम ने आह्वान किया कि जनता के बीच सरकार के काम बताने का समय आ गया है।

## हर लोकसभा में पहुंचेगी वीडियो वैन

27 फरवरी को प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी रोहतक में भाजपा संकल्प पत्र के लिए सुझाव लेने की शुरुआत कर चुके हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक करोड़ लोगों के सुझाव का लक्ष्य रखा है। लोगों के सुझाव के लिए उन्होंने 1000 वीडियो वैन सभी लोकसभाओं के लिए रवाना कर दी हैं।

## प्रत्याशियों का चयन लगभग पूरा

सीएम ने आगे कहा कि अभी हमारे प्रत्याशियों का चयन लगभग हो चुका है। दो बैठकें हो चुकी हैं, 200 लोकसभा पर प्रत्याशियों के नामों पर सहमति बन चुकी है। दूसरे दलों में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। इधर-उधर दौड़ चल रही है। कुछ लोग अपने यहां आ रहे हैं, उनको कई बार पूछा जाता है कि आप यहां क्यों आ रहे हैं, तो कांग्रेस वाले उत्तर देते हैं कि कांग्रेस में रह करके चुनाव लड़ना पड़ेगा, यहां इस मुसीबत से तो बच जाएंगे। आज पूरे देश में ऐसा वातावरण बन चुका है कि तीसरी बार मोदी जी की सरकार बन रही है।

## मोबाइल नंबर भी किया जारी

हरियाणा में संकल्प पत्र के लिए पार्टी जिला स्तर पर कार्यशालाएं भी कर रही है। इसके अलावा क्षेत्र के विधायक, मंत्री, जिला अध्यक्ष संकल्प पत्र की प्रमुख विधानसभाओं पर जागरूकता अभियान चलाएंगे। हर विधानसभा में लोगों के सुझाव लेने के लिए पेटियों की व्यवस्था भी की जा रही है।

जनता के सुझाव हासिल करने के लिए भाजपा ने 9090902024 मोबाइल नंबर मिस्ड कॉल के साथ ही सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म और नमो ऐप पर अलग से जारी किया है।

# हिसार लोकसभा में भाजपा की होगी ऐतिहासिक जीत : डॉ. आशा खेदड़

## लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा हलकों में कार्यालयों का शुभारंभ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** हिसार लोकसभा क्षेत्र में सभी नौ विधानसभाओं में भाजपा कार्यालयों का शुभारंभ हो चुका है। इनका शुभारंभ मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने वर्चुअल माध्यम से किया। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में उकलाना विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, कार्यक्रम संयोजक रामफल नैन, ब्लॉक समिति चेयरमैन रविन्द्र मलिक, जिला पार्षद विकास सेलवाल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। भाजपा ने सबसे पहले लोकसभा स्तर पर कार्यालय खोले और आज हर विधानसभा स्तर पर कार्यालय खोलकर चुनावी लड़ाई का आगाज कर दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस जहां अपना संगठन भी नहीं बना पाई, वहीं चुनाव के बारे में तो शायद कांग्रेस सोच भी नहीं रही। कांग्रेस की फूट ने उसको चुनाव दौड़ से बाहर कर दिया है। इसी तरह अन्य विपक्षी पार्टियों का भी कोई आधार नहीं है। उन्होंने दावा किया अपनी मजबूत संगठन शक्ति, कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता के सहयोग से भाजपा तीसरी बार भारी बहुमत से सत्ता में आएगी। उन्होंने हिसार लोकसभा क्षेत्र में सभी विधानसभाओं में कार्यालय खोलने पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि वे अपनी जीत को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में काम करें।

हिसार लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के हर विधानसभा में कार्यालय खुलने से कार्यकर्ताओं में भारी जोश है। हिसार लोकसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार पिछली बार से ज्यादा मतों से जीत दर्ज करेगा। उन्होंने बताया कि उकलाना में कार्यालय उद्घाटन अवसर पर उपरोक्त के अलावा अमर पातड़, मीना शर्मा, सतपाल शर्मा, दिलबाग सिंह, सुशील रेड्डू, जोगेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, राममिलन शर्मा, वासुदेव शर्मा, सोयम सिंह, नरेश कुमार सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हिसार में बारिश के साथ गिरे ओले, कल भी बारिश की संभावना

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** हिसार में बारिश के साथ 11 दिन में तीन बार ओले गिरे हैं। 19 फरवरी को ओलावृष्टि के बाद एक मार्च को ओले गिरे। शनिवार 2 मार्च को तीसरी बार बुगाना, सुलखनी, बगला, उकलाना सहित कई अन्य गांवों में ओले गिरे हैं। दोपहर करीब दो बजे के करीब ओले गिरे। ओले गिरने से फसलों को ज्यादा नुकसान की रिपोर्ट अभी नहीं है। मौसम विभाग ने पहले ही ओलावृष्टि



की आशंका जाहिर की हुई थी। रविवार को भी प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है। प्रदेश के अधिकतर जिलों में बादल छाए रहेंगे। अब आसमान में छाए काले बादल किसानों को डराने लगे हैं। पश्चिमी विक्षोभ के असर से जिले में शनिवार सुबह से ही बादल छाए गए थे। दोपहर बाद तेज हवाएं भी चल रही थी। करीब 2 बजे बादल गहराने शुरू हो गए। शहर में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। इसी दौरान ग्रामीण इलाकों में कई जगहों पर तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। गांव सुलखनी, बुगाना, बगला, उकलाना सहित अन्य गांवों के लोगों ने बताया कि बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है।






# सम्पादकीय..........

## सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला, अदालतों के लिए सीख

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्टों और निचली अदालतों के स्टे ऑर्डर्स अपने आप रद्द होने से जुड़ा अपना ही एक फैसला गुरुवार को पलट दिया। पिछला फैसला 2018 में सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों की पीठ ने दिया था, जिसे अब पांच सदस्यों की पीठ ने अमान्य घोषित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला अपने तात्कालिक परिणामों के लिहाज से ही नहीं, इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इसमें न्यायपालिका की कार्यप्रणाली और न्यायिक सिद्धांतों से जुड़े अहम दिशानिर्देश रेखांकित हुए हैं, जो भविष्य में संविधान पीठों के लिए फैसले करना आसान बना सकते हैं। असल में 2018 में बहुचर्चित एशियन रिसरफेसिंग केस में दिए गए फैसले की वजह से कई सारे मामलों में दिक्कत हो रही थी। अंतरिम स्थगन आदेश छह महीने में अपने आप रद्द होने का मतलब यह था कि संबंधित पक्षों को छह महीने के अंदर फिर से अदालत जाकर उस आदेश का नवीकरण कराना होता था। हर पक्षकार इस स्थिति में नहीं होता। उस फैसले से कई सारे सैद्धांतिक सवाल भी जुड़े थे, जिन पर सीजेआई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच सदस्यों की पीठ ने ध्यान दिया। ताजा फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि संविधान पीठों को केस डिसाइड करने की समय सीमा निर्धारित करने से जहां तक हो सके बचना चाहिए क्योंकि जमीनी हकीकत संबंधित अदालतों को ही पता होती है। यह बात भी गौर करने की है कि न्यायिक संरचना में ऊपर होने के बावजूद सुप्रीम कोर्ट की अपनी कार्य सीमाएं हैं। 2018 के फैसले से अगर जाने-अनजाने इस तरह का कोई संकेत गया था तो उसे भी पांच सदस्यों की पीठ ने अपने ताजा फैसले में दुरुस्त कर दिया। जैसा कि जस्टिस पंकज मित्तल ने अपने अलग, लेकिन सहमति वाले फैसले में लिखा है कि कभी-कभी न्याय करने की इच्छा होते हुए भी आखिरकार अन्याय की नौबत आ जाती है। उनका आशय एशियन रिसरफेसिंग केस से था। कुल मिलाकर देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला न सिर्फ देश की न्यायिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली में आई एक तात्कालिक बाधा को दूर करता है बल्कि इंसाफ करने की प्रक्रिया में निहित जटिलताओं के बीच भी न्याय तक पहुंचने की अदालतों की यात्रा को कुछ हद तक आसान बनाता है।

**ओम ओम ओम**

*प्रिय भाईयो और बहिनों,*

*धन कई प्रकार के होते हैं। सर्वोच्च धन प्रभु के नाम ओउ्म का है। दूसरा धन स्वास्थ्य का है। तीसरा धन यश-कीर्ति का है और चौथा धन सांसारिक मुद्रा का है। सर्वधन की प्राप्ति के लिए सत्संग, हवन यज्ञ व उपासना के साथ पुरुषार्थ अनिवार्य है।*

*प्रभु द्वारा रचित इस मायावी संसार में माया के रंग से कोई भी नहीं बचा,कोई ज्यादा तो कोई कम प्रभावित हुआ। माया के जाल से बचने के लिए रचयिता का सहारा बहुत जरूरी है। सद्प्रयास और परमात्मा के आशीर्वाद से ही कोई प्राणी माया को लांघ सकता है। हवन-यज्ञ, सत्संग और धार्मिक आचरण हमें इस माया से ऊपर उठाकर उत्तम श्रेणी प्रदान करते हैं।*

*आपसे निवेदन है कि दयानंद ब्राह्म महाविद्यालय हिसार में प्रत्येक रविवार को सायं 5 से 6 बजे तक हवन-यज्ञ, सत्संग में अवश्य भाग लें और जीवन सफल बनाएं।*

***देवेंद्र उप्पल, मानद प्रबंधक***
***मो. 9812032700***

# ना कहने की हिम्मत रखिये



**-पाठकपक्ष डेस्क-**

बहुत बार जिंदगी मे ऐसे अवसर आते है जब हम दूसरे को हाँ सिर्फ ये सोचकर कर देते हैं कि हमारी न कहने से सामने वाले को बुरा न लग जाए। हम ये भली भाँति जानते हैं कि सामने वाला सिर्फ हमारा उपयोग कर रहा है। फिर भी हम शर्म के कारण या रिश्तों को टूटने से बचाने के लिए उनकी बात मानते हैं। मदद करना अच्छी बात है परंतु कई बार सामने वाले को हमारी मदद की आवश्यकता नहीं होती और वो अपना अहंकार पोषित करने के लिए और हमसे सहानुभूति और हमदर्दी पाने के लिए खुद को दयनीय अवस्था में दिखाते हैं। जब तक आप सामने वाले की हर बात मानते रहेंगे तब तक वो आपसे निभायेंगे और जैसे ही आप किसी कारण वश, अपनी किसी विवशता से उनका कार्य नहीं कर पाए या असमर्थ रहे तभी आपको महसूस करवा दिया जायेगा की आपका होना या न होना एक जैसा ही है। कब तक दूसरों को खुश करने के लिए हम अपना इस्तेमाल करवाते रहेंगे? सेंकडों बार की हमारी हाँ और एक बार की हुई न पर सब खत्म। बेहतर यही होगा कि हम यह सोचने की बजाए की सामने वाले को बुरा लगेगा या सामने वाला हमारे बारे में क्या सोचेगा अगर किसी कार्य को करने में हम असमर्थ हैं या हमारा हृदय, अंतर आत्मा उस कार्य को करने की गवाही नहीं दे रहा तो शुरू में ही ना कर दी जाए, जिससे कम से कम हमें यह तकलीफ तो न हो कि हमारा दुरूपयोग किया जा रहा है। कोई भी कार्य हो अगर उसके लिये हमारा हृदय खुश नहीं है तो बेहतर होगा कि हम उसको न करें। दूसरे को हाँ करके हमने उसकी खुशी उसकी भावनाओं का तो ख्याल रखा, परंतु अपनी खुशी और अपनी भावनाओ को आहत करना क्या सही है? ये बिल्कुल सही है कि हर प्राणी मे परमात्मा वास करते है, इसलिए हमें किसी को भी तकलीफ नहीं पहुंचानी चाहिए। क्या खुद की भावनाओं को आहत करना और खुद को तकलीफ पहुचाना सही है? जब हर प्राणी में परमात्मा का वास है तो हमारे हृदय में भी तो वही परमात्मा वास करते हैं। जब हम खुद को दुख पहुचायेंगे तो भी तो हमारे भीतर विराजमान परमात्मा को तकलीफ होगी।

**गुंजन गोयल, शिक्षाविद्**

## आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा सुदर्शन क्रिया फ़ॉलोअप का आयोजन रविवार को : गुप्ता

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** आर्ट ऑफ लिविंग हिसार इकाई द्वारा दिनांक 03 मार्च, रविवार प्रातः 6:30 से 8:30 बजे तक साधकों को आध्यात्मिक पथ पर आरूढ़ रखने हेतू योग, ध्यान तथा गुरु-ज्ञान जैसे दिव्य गुणों से सुसज्जित परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की पवित्र वाणी में दिव्य- सुदर्शन क्रिया फ़ॉलोअप का आयोजन किया जाएगा। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि कल का सत्र दो स्थान-भारत माता मंदिर एवं आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर, मकान नं. 3222, सेक्टर-14, पार्ट- 2 में आयोजित किया जाएगा जिसका संचालन डिस्ट्रिक्ट टीचर कोऑर्डिनेटर परीक्षित आर्य एवं डॉ उमेश आर्य करेंगे।

# आप होते हैं वर्तमान में और मन भविष्य में चला जाता है

**अध्यात्म**

भविष्य का तनाव ही पीड़ा है। और भविष्य की चिंता छोड़ने का एक ही उपाय है। अगर आप इस बात को मानने को राजी हो जाएं कि भविष्य अपरिहार्य है, नियत है, जो होना है होगा। जो होना है होगा, अगर इसके लिए राजी हो जाएं, तो फिर आपको करने को कुछ नहीं बचता। तो बेचैन होने का कोई कारण नहीं है। करने को कुछ है, तो फिर बेचैनी है। करने के पहले भी बेचैनी रहेगी और करने के बाद भी बेचैनी रहेगी। क्योंकि करने के बाद भी लगेगा कि अगर जरा ऐसा कर लिया होता, तो परिणाम दूसरा हो सकता था। मैंने ऐसा कर लिया होता, तो ऐसा हो सकता था। तो आप पीछे भी परेशान रहेंगे कि अगर ऐसा न करके जरा-सा फर्क किया होता, तो आज जिंदगी दूसरी होती। भविष्य के लिए भी परेशान रहेंगे कि मैं क्या करूं/ आदमी कुछ ऐसा है कि वह सफल कभी होता ही नहीं। उसके मन का ढांचा ऐसा है कि वह सदा अंत में असफल ही होता है। जितने आप सफल हो जाते हैं, वह तो व्यर्थ हो जाती है बात और नए लक्ष्य निर्मित हो जाते हैं। एक आदमी को दस हजार रुपए कमाने हैं, वह कमा लेता है। दस हजार रुपए कमा लेना मुश्किल मामला नहीं है। कमा लेता है, सफल हो गया। लेकिन उसे पता ही नहीं कि सफलता की खुशी वह कभी नहीं मना पाता। क्योंकि जब तक दस हजार इकट्ठे कर पाता है, तब तक उसकी आकांक्षा लाख की हो जाती है। उसे लाख कमाने हैं। ऐसा भी नहीं है कि लाख न कमा ले। वह भी हो जाएगा। लेकिन जिस मन ने दस हजार से लाख पर यात्रा पहुंचा दी थी, वही मन लाख से दस लाख पर यात्रा पहुंचा देगा। हर आदमी असफल मरता है। कोई आदमी सफल नहीं मर सकता। क्योंकि जो भी आप पा लेते हैं, आपकी वासना उससे आगे चली जाती है। मरते वक्त भी आपकी वासना अधूरी ही रहेगी। आप जितना पा लेंगे, उससे ज्यादा का लक्ष्य बना लेंगे। आखिरकार असंतुष्ट ही रहेंगे। एंड्रू कार्नेगी, अमेरिका का सबसे बड़ा धनपति मरा, तो अपने पीछे दस अरब रुपए छोड़ गया। लेकिन मरने के दो दिन पहले का उसका वक्तव्य है कि मैं एक असफल आदमी हूं, क्योंकि मेरे इरादे सौ अरब रुपए छोड़ने के थे, केवल दस अरब छोड़ जा रहा हूं। आप कितना पा लेंगे, इससे कोई संबंध नहीं है। आपका मन उससे ज्यादा की मांग करेगा। मन सदा आपसे आगे चला जाता है। आप होते हैं वर्तमान में, मन भविष्य में चला जाता है। मैं कुछ कर ही नहीं सकता हूं, तो भविष्य में यात्रा करने का कोई उपाय नहीं है। दस रुपए मिलें, कि दस लाख, कि कुछ भी न मिले, मैं भिखारी रह जाऊं, जो भी होगा, वह होगा। उसमें मेरा कोई हाथ नहीं है। ऐसा आदमी कभी असफल नहीं होता।

# जिंदगी में कुछ ऐसा करो कि दोनों का काम चलता रहे, आंधियां भी चलती रहे और दिया भी जलता रहे



**-पाठकपक्ष डेस्क-**

हम जीवन में क्या करते हैं, यह महत्वपूर्ण है पर इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि हमारा फोकस कहां है, जीवन की दशा से अधिक महत्व जीवन की दिशा का है, मतलब हम कहां जा रहे हैं? एक सीढ़ी से नीचे उतर जाते हैं तो उसी सीढ़ी से ऊपर भी जाया जा सकता है। यदि हम अपने दिल में किसी कड़वी व अप्रिय घटना के दर्द मतलब हर्ट और अपमान को रख लेते हैं तो दुखी ही होते रहेंगे,पर यदि हम उससे कुछ सीख लेकर आगे बढ़ जाते हैं तो कष्ट भी मिट जाता है और अनुभव आगे भी काम आता है। तभी तो कहते हैं कि राहू केतु राक्षस तो अमृत पीकर भी देवता नहीं बने पर विष पीकर भी भोलेनाथ देवों के देव महादेव बन गये। अगर हमारे मन में अपने कल्याण के साथ साथ दूसरों के कल्याण की भावना होती है तो हमारे द्वारा अनायास दूसरों को भी फायदा पहुंच जाता है। एक राजा को किसी मूर्तिकार ने तीन सुंदर सी मूर्तियां भेंट की थी, राजा को उन मूर्तियों से बहुत लगाव था। एक दिन एक राजसेवक से सफाई करते हुए एक मूर्ति टूट गई। राजा को जब पता चला तो राजा ने क्रोध में आकर सेवक को मृत्युदंड की सजा सुना दी। सजा सुनते ही सेवक ने बाकी की दो मूर्तियां भी तोड़ डाली। जब यह बात राजा को पता चली तो राजा को बड़ा आश्चर्य भी हुआ और पश्चाताप भी हुआ। उसने सेवक को बुला कर उसका कारण पूछा तो सेवक ने कहा, 'महाराज! ये मूर्तियां तो मिट्टी की बनी थी, उन्हें किसी न किसी दिन टूटना ही था, पर जिससे भी बाकी बची दो मूर्तियां टूटती ,वो अन्यथा ही मृत्यु दण्ड पाते। मुझे तो मृत्यु दण्ड की सजा मिल ही चुकी है तो मैंने सोचा, बाकी बची मूर्तियों को तोड़ कर क्यों न दूसरों का जीवन बचाया जाएं, ऐसे में कम से कम एक ही व्यक्ति सजा पाएगा, पर अन्य दो का जीवन तो सुरक्षित रहेगा।' सेवक की बात सुनकर राजा की आंखें खुल गई। उन्होंने तुरंत उस सेवक को माफ कर दिया। कहने का मतलब यह है कि वो राजसेवक मृत्यु दण्ड की सजा पाकर अगर भयभीत हो जाता तो उसका जीवन तो जाता ही,पर उसने भय न खाकर, दूसरों के हित की सोची तो उसका अपना जीवन भी बच गया और उसके कर्म ने राजा की आंखें भी खोल दी। अपनी सहनशीलता और विवेकशीलता को बढ़ाना चाहिए, हताश और परेशान होना तो आसान है, मुश्किल तो उस समय शांत रह कर हल निकालने की होती है। जो चंदन घिस जाता है, वह भगवान के मस्तक पर चढ़ता है और जो नहीं घिसता, वह तो सिर्फ जलाने के काम आता है।

**-डॉ. कमलेश कली**

# अनिल ईशरवाल पर्यावरण चेतना पद यात्रा को लेकर निकले 21 सदस्यों की टीम के साथ 330 किलोमीटर की यात्रा पर

**पर्यावरण व जीवों की रक्षा के लिए दे रहे हे संदेश, पक्षी टावर भी बना चुके हैं सारगंपुर गांव में**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** हिसार आदमपुर के गांव सारंगपुर के रहने वाले सेवानिवृत अधिकारी अनिल बिश्नोई ईशरवाल में जूनून व सेवा जज्बा है जिन्होंने पर्यावरण व जीवों को सुरक्षित रखने की जबरदस्त मुहिम चलाया है। जीवों की रक्षा करना और पेड़ पौधे लगा कर अनिल बिश्नोई को आत्मिक शांति मिलती है और लोगों को यह देने का प्रयास कर रहे है पेड़ पौधे लगाना व जीवों की रक्षा करना काफी महत्वपूर्ण है। अनिल बिश्नोई ईशरवाल सारंगपुर से मुकाम के लिए अपनी (21) सदस्यों की टीम के साथ पर्यावरण चेतना पद यात्रा (330) किलोमीटर के लिए निकले है पैदल यात्रा के दौरान लोगों को पर्यावरण को संदेश दे रहे है। प्रकृति का न करे हरण आओ बचाए पर्यावरण, पेड़ पौधे होंगे तो मिलेगे छांव बरना जलेगे हमारे पांव, वन्य जीवों की सुनो पुकार बंद करो उनका शिकार। यह यात्रा सारगपुर से निकल कर मुकितधाम मुकाम नोखा बीकानेर तक जाएगी। लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुकता लाने के लिए उन्हें पेड़ पौध लगाने का आह्वान करते है और बीच रास्ते में खुद भी लोगों के माध्यम से पेड़ पौधे भी लगाते जा रहे है। अनिल बिश्नोई ईशरवाल ने कहा कि अपने जीवन महत्वपूर्ण पलों जन्म दिन, शादी समारोह, विवाह एनीवसरी पर जीवन में पेड़ पौधे जरुर लगाए और उनका पालन पौषण करें। उन्होंने बताया कि गुरु जमभेश्वर महाराज के आर्शीवाद को लेकर उनके बताए पर्यावरण संदेश को लोगों तक पहुंचाने का काम कर रहे है। अनिल बिश्नोई ने कहा कि आज स्थानो दुकानो घरो में पोलीथीन के प्लास्टिक पोलीथीन का इस्तेमाल हो रहा है इस पोलीथीन को खाकर पशु बीमार होकर मर रहे है वही पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है पेड़ो की कटाई के चलते आदमी का आज सांस लेना दुर्लभ हो गया है। अनिल बिश्नोई ईशरवाल ने कहा कि पद यात्रा के माध्यम से पर्यावरण को लेकर अलख जगाई है वन्य जीवों और प्लास्टिक को लेकर लोगों को जागरुक कर है। हरियाणा के गावों राजस्थान के गावों लोगों से मिल पर्यावरण के जागरुक सदेंश दे रहे है। उन्होंने ने कहा हर की हर साल नए पेड़ पौधे लगाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी के दौरान भी जीव जन्तुओं को लेकर काम करते आए सारगपुर में पक्षी के टावर बनाया है। प्लास्टिक का सामान विवाह समारोह में इस्तेमाल जिससे बड़ी हानि हो रही है। टीम के सदस्यों का कहना ऐसा यह कार्य प्रत्येक वर्ष करना चाहते है। सेवानिवृत अधिकारी अनिल बिश्नोई ईशरवाल ने कहा कि बिश्नोई समाज पेड़ो जीव जंतुओं के लिए काम करता आया है।

उल्लेखनीय है कि अनिल बिश्नोई ईशरवाल ने गांव सारगंपुर में पक्षियों के लिए प्लैट बनाए हुए है जिसमें सात से घोसले है जिसमें (2500) से अधिक पक्षी रहते है इनमें देशी व सीजनल साइबेरियन भी रहते है। पक्षियों की लुप्त होती प्रजातियों को बचाने के लिए अनिल बिश्नोई अनूठी पहल चलाए हुए है। इन्होंने (10) लाख रुपये की खर्च करके परिदों के लिए 75 फीट का टावर बनाया है।

यात्रा में अनिल ईशरवद्यल, पंछी काकड़, डॉ इंद्र पंवार, नरेन्द्र ज्याणी, छोटुराम गोदारा, इंद्र खदाव, राम कुमार, रामसवरूप खीचड़ , शियाराम ज्याणी, कश्मीरी लाल, मनोहर ज्याणी, सतपाल थालोड, ओम गोदारा, नितु गोदारा, राजाराम खिचड़, भगत राम ज्याणी, हनुमान माल, हरिसिंह धतरवाल, धर्मपाल इशरवाल, रमेश थालोड़ शामिल हैं। 'पर्यावरण चेतना पद यात्रा' गांव सारंगपुर आदमपुर, हिसार से मुक्ति धाम मुकाम, नोखा, राजस्थान 3 मार्च को पहुंचेगी।

# सुण मौल्लड़ की



नेता लोग पहुंचने लगे मतदाताओं के द्वार पर।

**आखिरी बरस म्ह याद आवैं वोटर।**

# कैसा रहेगा आपका कल



**मेष :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। क्रय-विक्रय से जुड़े लोग सावधानी बरतें, नुकसान होने की संभावना। तनाव की स्थिति में फैसला लेने से बचें7 भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**वृषभ :** जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अविवाहितों को विवाह के प्रस्ताव प्राप्त होंगे। व्यापारिक सांझेदारी लाभकारी रहेगी।

**मिथुन :** मेहनत का पूरा लाभ मिलना मुश्किल है। विरोधी उलझाने का प्रयास करेंगे। बहस करने से बचें। शनिदेव की पूजा करें।

**कर्क :** मौज मस्ती भरा दिन व्यतीत होगा। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। प्रियजन से मुलाकात सुखद रहेगी।

**सिंह :** कोई भी नया कार्य आरंभ न करें। महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। खुद को विपरीत परिस्थितियों में घिरा पाएंगे। काली माता की आराधना करें।

**कन्या :** लोग आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। कार्यक्षेत्र की उलझने दूर होने से राहत मिलेगी। अनुभवी लोगों का साथ तरक्की में सहायक रहेगा।

**तुला :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। लेन-देन के मामले सुलझेंगे। अटका धन प्राप्त होने की संभावना।

**वृश्चिक :** भावनात्मक संबंधों में निकटता बढ़ेगी। इच्छित सफलता के लिए मेहनत करनी पड़ेगी। अनुभवी लोगों की सलाह लाभकारी रहेगी।

**धनु :** लेन-देन के मामले में सावधानी बरतें। मन में बेवजह तनाव बना रहेगा। खर्च की अधिकता से परेशानी होगी। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।

**मकर :** मन में उत्साह बना रहेगा। व्यापारियों को धन लाभ होगा। बड़े भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। इंटरव्यू में सफलता प्राप्त होगी। राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा।

**मीन :** कार्यक्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# कर्म का मर्म

## भारत की बगिया

सुभाष के घर से लगे हुए दो बड़े बगीचे थे। इनमें एक किचन गार्डन था और दूसरा फ्लावर गार्डन। किचन गार्डन में सब्जियां उगाई जाती थीं और फ्लावर गार्डन में रंग-बिरंगे मौसमी फूल। एक दिन माली काका बाग में गुलाब के पौधों को पानी दे रहे थे। नन्हे सुभाष वहां पहुंच गए और बोले, 'माली काका, मुझे गुलाब बहुत पसंद है। लाइए, मैं इनको पानी दूं।' माली काका ने सुभाष के हाथ में पानी का जग थमा दिया। वह पौधों में पानी डालने लगे। तभी सुभाष के हाथ में एक कांटा चुभ गया और उनके मुंह से चीख निकल गई। वह बोले,'माली काका, गुलाब तो बहुत सुंदर हैं पर इनमें कांटे क्यों हैं/ क्या आप ऐसी कोई खाद जानते हैं जो बिना कांटों के गुलाब उगा सके/' सुभाष का प्रश्न सुनकर माली काका बोले,'बेटा, जब जिंदगी में फूल के साथ कांटे होते हैं तो फिर पौधे में फूलों के साथ कांटे क्यों नहीं होंगे! जीवन में कोई चीज सरलता से नहीं मिलती। अब यही देखो, आज हमारा देश गुलाम है। हम आजाद होना चाहते हैं। तो हमें गुलाम बनाए रखने वाले अंग्रेज हमारे देश के कांटे हुए ना। अब अगर हम उन कांटों को निकालने की जुगत करेंगे तो हमें अपना खून बहाना पड़ेगा।



ऐसे ही जैसे गुलाब को निकालने के लिए कांटों को निकालना पड़ता है।' माली काका की बात सुभाष के हृदय में उतर गई। वह बोले,'माली काका, मैं इन कांटों को अपने देश से निकाल फेंकूंगा, चाहे इसके लिए मुझे कितना भी रक्त बहाना पड़े।' सुभाष की बात पर माली काका आशीर्वाद देते हुए बोले,'बेटा, तुम्हारी सोच बहुत अच्छी है।' युवा होने पर सुभाष चंद्र बोस ने लोगों से कहा-'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।' उनके इस नारे पर खून देने वालों की लंबी कतार लग गई और कांटे रूपी अंग्रेज भारत की बगिया से निकाले गए।

# मास्टर वजीर सिंह ने गौ सेवा के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया



स्व. नेकीराम जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए तथा सहयोग राशि देते हुए देवेंद्र बुड़िया।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष श्री देवेंद्र बुड़िया व जाम्भोलाव धाम के महंत गौ सेवक श्री भगवान दास ने मास्टर वजीर सिंह सांवक के पिता स्व. नेकीराम सांवक के निधन पर शोक सभा के अंतिम दिन जोधपुर से गांव झांसल पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर ग्रीन मैन तेलु राम ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर समाधि स्थल के पास एक जामुन का पौधा भी लगाया। इस अवसर पर श्री वजीर सिंह ने 21000 रुपये जाम्भा गौशाला, 11000 रुपए चौधरीवाली गौशाला, 11000 रुपये मोठसरा गौशाला,11000 रुपये झांसल गौशाला, 11000 रुपये आदमपुर नंदीशाला में देकर एक अनुकरणीय प्रेरणादायक व सुपात्र को दान का एक उदाहरण पेश किया। अब भविष्य में बहुत से लोग इस उदाहरण का अनुकरण करेंगे।


|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)

राम
muse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar



Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें : 8222035555

# एनडीए का 400 पार का लक्ष्य पूरा करने के लिए बूथ मजूबत करें : राव नरबीर

## लोकसभा कलस्टर प्रभारी ने ली बैठक, किया सुझाव पेटी का शुभारंभ

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** पूर्व मंत्री एवं तीन लोकसभा के कलस्टर प्रभारी राव नरबीर सिंह ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार पीएम बनाने के लिए एनडीए का 400 पार का लक्ष्य लेकर अपनी अपनी बूथों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि नवमतदाताओं पर फोकस करते हुए चुनावी प्रचार में पूरी तरह से जुट जाएं।





राव नरवीर सिंह भाजपा जिला कार्यालय में लोकसभा कार्य समिति की बैठक में पदाधिकारी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए सीधा मोदी जी को सुझाव भेजने के लिए सुझाव पेटी का शुभारंभ भी किया और कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम सुझाव भी लिए। इस अवसर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भ्याना, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य रवि सैनी, पूर्व विधायक प्रेमलता व श्रीनिवास गोयल मुख्य रूप से बैठक में मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री राव नरबीर ने कहा कि हर बूथ प्रभारी अपने-अपने बूथों को मजबूत करने का कार्य करें तथा 10 दिनों तक प्रतिदिन कम से कम दो घंटे अपने बूथ पर अवश्य लगाएं। मंडल तथा विधानसभा स्तर पर पात्र व्यक्तियों के सम्मेलन करवाकर उनको केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत करवाएं। ग्राम परिक्रमा अथवा ग्राम चौपाल लगाकर किसानों को सरकार की योजनाओं से अवगत करते हुए उन्हें उन्हें लाभान्वित करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि भाजपा ही अब तक की सबसे बड़ी किसान हितैषी पार्टी साबित हुई है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता तथा युवा मोर्चा नव मतदाताओं पर पूरा फोकस करें क्योंकि युवा वर्ग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भारी उत्साह है। युवाओं में नव मतदाताओं को संगठन से जोड़ते हुए उन्हें पार्टी की योजनाओं में नीतियों से अवगत करवाएं तथा देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली नारी शक्तियों को अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जोड़ें। एससी मोर्चा के पदाधिकारी लोगों को पीएम विश्वकर्म योजना से अवगत कराते हुए उन्हें लाभान्वित करने का कार्य करें। उन्होंने आह्वान किया कि पार्टी जिस भी प्रत्याशी को कमल का फूल देकर भेजेगा उसे भरी बहुमत से जितवना ही हमारा एक मात्र उद्देश्य होना चाहिए। पूर्व मंत्री राव नरवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार के ऐतिहासिक फैसलों ने देश प्रदेश के लोगों के दिलों को जीतने का कार्य किया है। सरकार की ओर से हर वर्ग को लाभान्वित करने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है जिसका आमजन पूरा लाभ उठा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले के भारत और आज के हिंदुस्तान में दिन रात का अंतर है जो केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से ही संभव हो पाया है।

जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक सैनी व आशीष जोशी, जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू, रणधीर सिंह, संजीव रेवाड़ी, जयवीर माजरा, पूर्व विधायक वेद नारंग, अनिल सैनी, राजेन्द्र सपड़ा, पार्टी नेता रणधीर पनिहार, मनदीप मलिक, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल रिणवा, सीमा गैबीपुर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने को लेकर मंडलायुक्त ओएसडी शालिनी चेतल की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सभागार में लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को वोटिंग प्रक्रिया, विधि-व्यवस्था संधारण आदि को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में जाकर गहन जांच पड़ताल करने के साथ-साथ विशेष रूप से वलनेरेबुल मैपिंग का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही अपनी जांच रिपोर्ट प्रपत्र में भरकर जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाएंगे। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अपने पोलिंग स्टेशन में रैंप, सड़क की स्थिति, बिजली, पानी की व्यवस्था, महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, भवन की स्थिति का मुआयना करना सुनिश्चित करेंगे ताकि मतदाता आसानी से मतदान केंद्र तक पहुंच सके। ओएसडी शालिनी चेतल ने कहा कि मतदान के दौरान इसका ख्याल रखना है कि यदि कोई व्यक्ति कमजोर वर्ग के मतदाताओं को लालच जिसमें शराब, पैसा व अन्य तरह का प्रलोभन हो या उन पर दबाव बना रहा हो तो उस पर कार्रवाई करें। चुनाव के दौरान कार्यरत अधिकारियों/ कर्मचारियों को अपनी रिटर्निंग अधिकारी को मतदान तिथि से 7 दिन पहले अपना डाक मतपत्र तथा स्वयं सत्यापित प्रोफार्मा जमा करवाना होगा। इस अवसर पर बरवाला एसडीएम विजया मलिक, हांसी एसडीएम मोहित महराणा, चुनाव तहसीलदार जगदीप मान सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर ऑफिसर एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएनबी विकास योजना के तहत स्कूलों को आरओ किए गए वितरित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गंगवा द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गंगवा में पीएनबी विकास योजना के तहत स्कूलों को आरओ वितरित किए गए। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय हिसार के उप मंडल प्रमुख डॉ रजत कुमार शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। यह जानकारी देते हुए पीएनबी आरसेटी गंगवा के निदेशक प्रदीप कुमार ने पीएनबी विकास योजना के बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना बैंक द्वारा अंगीकृत गांवों को मॉडल गांव बनाने के लिए शुरू की गई है। इसका लक्ष्य अंगीकृत गांव के आर्थिक विकास, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, डिजिटलीकरण एवं वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर इसके चहुंमुखी विकास पर जोर देना है। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा गोद लिए गए गांवों में समय-समय पर बालिका कल्याण सहित अन्य समाज कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में बैंक द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल बैग्स, किताबें आदि विभिन्न प्रकार की स्टेशनरी आइटम्स का भी वितरण किया गया। निदेशक ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रस्तावित वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत पीएनबी आरसेटी गंगवा एवं मंडल कार्यालय हिसार के संयुक्त तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। पीएनबी आरसेटी गंगवा के निदेशक प्रदीप कुमार द्वारा सभी को भारतीय रिज़र्व बैंक की थीम करो सही शुरुआत, बनो वित्तीय स्मार्ट के अंतर्गत बचत एवं कंपाउंडिंग की शक्ति, विद्यार्थीयों की बैंकिंग आवश्यकताएं तथा डिजिटल एवं साइबर स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा बचत करने के तरीके एवं बचत के महत्व आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में बैंकिंग जानकारी का समावेश करना है ताकि आजकल हो रहे दिन प्रतिदिन के साइबर ठगी से लोगों को किस प्रकार से सुरक्षित एवं जागरूक करना है। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या, स्कूल एवं पीएनबी आरसेटी स्टाफ सदस्य तथा स्कूल विद्यार्थी उपस्थित थे।



# शैक्षणिक भ्रमण से होता है छात्राओं का सर्वांगीण विकास : डॉ. रमेश आर्य

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार की कॉमर्स एवं साइंस विभाग की छात्राएं 3 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए दिनांक 27 फरवरी को जयपुर, अजमेर व पुष्कर टूर पर गई। टूर के प्रथम दिन छात्राओं ने धार्मिक स्थल सालासर खाटू श्याम जी के दर्शन करते हुए जयपुर की ओर रवाना हुई। टूर के दूसरे दिन सभी छात्राओं ने पिंक सिटी के नाम से जाने वाले शहर जयपुर का भ्रमण किया, जिसमें उन्होंने नाहरगढ़ किला, जंतर मंतर, अल्बर्ट म्यूजियम, चिड़ियाघर, द रॉयल पैलेस और अन्य प्राचीन स्मारकों को देखा और भारत के इतिहास, कला और आर्किटेक्चरल इंजीनियरिंग को नजदीकी से देखा और सराहा। छात्राओं को आर्टिकल 370 की फिल्म का लुत्फ उठाते हुए देश के वर्तमान राजनीतिक मुद्दों से भी अवगत कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण को कॉमर्स विभाग की छात्राओं ने कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष श्री सतीश सिंगला के नेतृत्व में स्वयं ही संगठित किया। इस तीन दिवसीय टूर में छात्राओं ने बहुत अनुशासन में रहकर टूर का आनंद लिया और बहुत ही रोचक जानकारियां प्राप्त की। महाविद्यालय के कॉमर्स विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर अनीता तनेजा, हीना पाहुजा, एसोसिएट प्रोफेसर अमित बंसल एवं विपिन बब्बर ने टूर इंचार्ज की भूमिका निभाते हुए छात्राओं के साथ टूर पर रहे।



# HiDM डिजिटल मार्केटिंग सेमिनार फेस्ट 2024, फ्रीलांसरों को अपना शेड्यूल निर्धारित करने की स्वतंत्रता है, जिससे कार्य-जीवन में बेहतर संतुलन बनता है : निखिल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** HiDM द्वारा आयोजित डिजिटल मार्केटिंग सेमिनार उत्सव में, छात्र डिजिटल मार्केटिंग विषयों पर सेमिनार की मेजबानी करते हैं। एक फ्रीलांसर के लिए मूल्य निर्धारण रणनीति कैसे तय करें विषय पर सेमिनार का संचालन निखिल (HiDM छात्र) ने अपने प्रशिक्षक मनमोहन सिंगला के मार्गदर्शन में किया।विषय के परिचय में, उन्होंने फ्रीलांसिंग और फ्रीलांसिंग के दायरे के बारे में संक्षेप में बताया। एक फ्रीलांसर वह व्यक्ति होता है जो स्व-रोज़गार होता है, अक्सर एक समय में कई ग्राहकों के लिए काम करता है और प्रति प्रोजेक्ट आय अर्जित करता है। एक फ्रीलांसर लचीलेपन, स्वतंत्र काम के घंटे, अधिक कमाई की संभावना और काम की विविधता का लाभ उठाता है। कुछ प्रमुख फ्रीलांसिंग प्लेटफॉर्म जैसे अपवर्क, फाइवर, फ्रीलांसर और प्रति घंटे लोग जहां एक फ्रीलांसर काम पाने के लिए पंजीकरण कर सकता है। उन्होंने शीर्ष फ्रीलांसिंग नौकरियों और कार्य मूल्य निर्धारण रणनीतियों को तय करते समय विचार करने योग्य कारकों के बारे में भी बताया। अंत में, एक संक्षिप्त प्रश्न-उत्तर सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें छात्रों ने अपने संदेह पूछे और मेजबान निखिल ने उनका समाधान किया। HiDM का डिजिटल मार्केटिंग सेमिनार फेस्ट डिजिटल मार्केटिंग छात्रों के लिए डिजिटल मार्केटिंग कौशल से परे कुछ और सीखने का एक अवसर है। मेंटर और डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनर मनमोहन सिंगला भारत के सर्वश्रेष्ठ डिजिटल मार्केटिंग पेशेवरों में से एक हैं, जो छात्रों को न केवल डिजिटल दुनिया के लिए बल्कि कॉर्पोरेट दुनिया में रहने के लिए भी प्रशिक्षित करते हैं।




# 31 वर्षों की सेवाओं के बाद हैडमास्टर सुभाष चंद्र सेवानिवृत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, तलवंडी रुक्का के हैडमास्टर सुभाष चंद्र 31 वर्षों की सेवा के बाद अपने पद से सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्कूल परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल के समस्त स्टाफ ने उन्हें पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्टाफ सदस्यों ने उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना करते हुए उनके साथ बिताए पलों को सांझा किया। हैडमास्टर सुभाष चंद्र ने सभी स्टाफ सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में विभिन्न स्कूलों में रहकर कार्य किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में स्टाफ सदस्यों के मिले सहयोग को वे आजीवन याद रखेंगे। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों के अलावा हैडमास्टर सुभाष चंद्र की धर्मपत्नी मंजु रानी, पुत्र रजत सपड़ा, पुत्रवधु ज्योति, पुत्री साक्षी, दामाद अंकुश मोंगा, दोहती समायरा आदि भी उपस्थित रहे।



# आधुनिक युग में स्वयंसेवकों की हर क्षेत्र में सहभागिता जरूरी : प्रो. बी. आर. काम्बोज

## हकृवि में आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह में बीते तीन सालों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की एनएसएस इकाई द्वारा समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि आधुनिक युग में स्वयंसेवकों की हर क्षेत्र में सहभागिता होना अनिवार्य है ताकि वे देश के ज्वलंत मुद्दों सहित हर चुनौतियों में अपनी सकारात्मक सोच के साथ उनका हल ढूंढ कर समाज को नई दिशा देकर उसकी दशा बदल सकें। मुख्यातिथि प्रो. काम्बोज ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि इसके लिए स्वयंसेवकों को अपनी सोच, शिक्षा, शोध पर ध्यान केंद्रित कर इनका विस्तार करने पर जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि अगर आप किसी भी क्षेत्र में सफल होना चाहते हैं तो आपके अंदर जुनून, काम के प्रति लगन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठता व संयम जैसे गुण होने चाहिए, तभी आप जीवन में सफल होंगे। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा विभिन्न प्रकार के कैंपों का आयोजन किया जाता है ताकि इन कैंपों में आयोजित पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद, लेख प्रतियोगिताओं सहित अन्य सामाजिक हितों से जुड़े मुद्दों पर कार्यक्रमों में भाग लेकर स्वयंसेवक अपना सर्वांगिण विकास कर सकें। मुख्यातिथि ने शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि स्वयंसेवकों का सर्वांगिण विकास कर उनके करियर को ऊंचाईयों पर ले जाने में उनकी अहम भूमिका होती है, इसलिए वे स्वयंसेवकों के लिए ऐसे सुनियोजित कोर्स, डिप्लोमा व शोध तैयार करें ताकि स्वयंसेवक इनमें रूचि से भाग लेते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकें। मुख्यातिथि ने स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति विषय पर तैयार की गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।






छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एम.एल. खिचड़ ने बताया कि समारोह में एनएसएस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 2 प्रोग्राम अधिकारियों सहित 19 स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया, जिनमें वर्ष 2020-2021 में स्वयंसेवकों में चेतन, अमन कुमार, रूचिका व अंजलि को पुरस्कार दिया गया। वर्ष 2021-2022 में प्रोग्राम अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर व स्वयंसेवकों में सुनैना रानी, राहुल, नेहा यादव, मिनाक्षी, चेतन सिंह, यशपाल, मनीश, मुस्कान व उर्वशी व वर्ष 2022-23 में प्रोग्राम अधिकारी डॉ. रिंकू पूनिया व स्वयंसेवकों में मुस्कान, उत्सव, सुनील, अन्नू, जगत पाल व वेदिका ढींगडा को उनके बेहतरीन कार्यों के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा मुख्यातिथि प्रो. काम्बोज ने वर्ष 2022-23 में कुल 35 वोलिंटियरों को सांत्वना प्रमाण-पत्र दिए।

### "मेरी झोपड़ी के भाग्य खुल जाएंगे, राम आएंगे" गीत पर छात्रा श्रेया ने बांधा समां

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के.पाहुजा ने बताया कि विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने एकल व समूह गायन-नृत्य व वादन की सुंदर प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रा श्रेया ने मेरी झोपड़ी के भाग्य खुल जाएंगे- राम आएंगे गीत सुनाकर समां बांध दिया। छात्रा काजल व पूजा ने मां सरस्वती वंदना पर नृत्य, छात्रा युक्ति ने शास्त्रीय संगीत पर डांस, एकल गायन में छात्रा पिंकी ने बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। छात्र प्रिंस ने महाभारत के प्रेरक प्रसंगों को कविता के माध्यम से सुनाकर आध्यात्मिक से जुड़ने का संदेश दिया। इसके अलावा स्वयंसेवकों ने राजस्थानी व हरियाणा नृत्य कर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा बीते एक वर्ष की गतिविधियों, कार्यक्रमों, अभियानों, कार्यकल्पों, राज्य व राष्ट्रीय पुरस्कारों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट पेश की। मंच संचालन छात्रा अन्नू ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारीगण सहित इससे जुड़े समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक सहित डॉ. तेजपाल, डॉ. रिंकू, डॉ. मोनू, डॉ. पूजा के अलावा भारी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए।

# हरियाणा अपराध के मामले में देश में अव्वल स्थान पर : बजरंग गर्ग

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का सम्मेलन दादरी में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। इस सम्मेलन में कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने भारी संख्या में भाग लिया। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीआरबी के आंकड़े के अनुसार हरियाणा अपराध के मामले में अव्वल स्थान पर है। सरकार अपराध को रोकने में पूरी तरह विफल सिद्ध हुई है। आज हरियाणा बेरोजगारी के मामले में देश में अव्वल स्थान पर है। इस सरकार में उच्च शिक्षा प्राप्त करके भी बच्चे पीएन तक की नौकरी के लिए धक्के खा रहे हैं जबकि हरियाणा सरकार में लगभग 2 लाख 7 सरकारी पद खाली पड़े हैं। हरियाणा में लगातार बेरोजगारी बढ़ने के कारण युवा पीढ़ी नशे की दल-दल में धंसती जा रही है। हरियाणा में धड़ल्ले से नशे का व्यापार फल फूल रहा है। बेरोजगारी के कारण हरियाणा में लगातार क्राईम बढ़ रहा है। सरकार अपराध को रोकने में पूरी तरह से विफल सिद्ध हुई है। आज अपराधी खुलेआम फायरिंग करके फिरौती व मंथली मांग रहे हैं। आज प्रदेश का व्यापारी व आम जनता भय के साये में जी रहा है। भाजपा सरकार से किसान, कर्मचारी, मजदूर, व्यापारी व हर वर्ग का नागरिक दुखी है। भाजपा सरकार ने देश व प्रदेश में नए-नए टैक्स लगाकर व टैक्सों में बढ़ोतरी करके जनता पर आर्थिक बोझ डालने का काम किया है। इतना ही नहीं जब से हरियाणा बना है 1966 से लेकर 2014 तक



कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

हरियाणा पर कर्ज केवल 70 हजार करोड़ रुपए था मगर इस सरकार ने मलाई खाकर हरियाणा की जनता पर 4 लाख 51 हजार 368 करोड रुपए कर्ज चढ़ाने का काम किया है। वार्षिक बजट में केवल 6 हजार करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है और कर्ज 34 हजार करोड़ रुपए बढ़ा दिया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि आगामी चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी और हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनते ही पहले की तरह सब्जी व फलों पर मार्केट फीस समाप्त की जाएगी, किसान की फसल एमएसपी की गारंटी पर खरीद की जाएगी, किसान का एक-एक दाना मंडी के आढ़तियों के माध्यम से खरीदा जाएगा, सरकार ने जो किसान व आढ़तियों को तंग करने के लिए पोर्टल चालू किया है इस पोर्टल को खत्म किया जाएगा। आढ़तियों को हुड्डा राज में पहले की तरह अनाज खरीद पर 2.5 प्रतिशत पूरी दामी दी जाएगी और इंस्पेक्ट्रीराज से मुक्ति दिलाई जाएगी और युवाओं को रोजगार देने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर ` पूर्व संसदीय सचिव रणसिंह मान, पूर्व विधायक रघुवीर, पूर्व विधायक धर्मपाल सांगवान, पूर्व विधायक नृपेंद्र मांडी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल धनखड़, वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री मनीषा सांगवान, हरियाणा सब्जी मंडी एसोसिएशन कार्यकारी अध्यक्ष नितिन जांगू, दादरी अनाज मंडी प्रधान राजकुमार रठोलिया, जोरावर सांगवान, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पवन बुवानीवाला, प्रदेश सचिव यूथ कांग्रेस नीटू चरखी, विपिन शर्मा नारनौल, दलबीर गांधी, मुकेश जांगू, दलवीर सिंह, राजू मान, डॉक्टर ओम प्रकाश, सतबीर फोगाट, राजेश पिचौपा, प्रवीण यादव आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे।

# हरियाणा में पानी की कमी के बावजूद राजस्थान को पानी देना प्रदेश के हितों से खिलवाड़ : मनोज राठी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज राठी ने राजस्थान द्वारा हरियाणा का पानी रोकने के बावजूद हरियाणा द्वारा राजस्थान को यमुना का पानी दिए जाने को हरियाणा के हितों से खिलवाड़ बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को पहले अपने प्रदेश के हितों को देखना चाहिए और यदि पानी फालतू है तो किसी अन्य राज्य से एमओयू करना चाहिए। हरियाणा सरकार द्वारा राजस्थान को पानी दिए जाने का एमओयू करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मनोज राठी ने कहा कि भाजपा सरकार हरियाणा की भाजपा सरकार हरियाणा के हितों से खिलवाड़ कर रही है। हरियाणा के अधिकतर हिस्सों में पानी की भारी कमी है, सरकार को पाइप लाइन डालकर राजस्थान की बजाय हरियाणा के डार्क जोन में पानी पहुंचाना चाहिए। कांग्रेस विधायक किरण चौधरी भी ऐसा ही मुद्दा विधानसभा में उठा चुकी है, लेकिन सरकार कोई जवाब नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि राजस्थान से महेंद्रगढ़ में आने वाली नदी पर राजस्थान ने डैम बना दिया और हरियाणा को उसके हिस्से का पानी नहीं दिया, लेकिन हरियाणा सरकार ने यमुना नदी का पानी देने के लिए राजस्थान के साथ एमओयू किया है। यह हरियाणा के जनता के हित में नहीं और जब राजस्थान हर जगह हरियाणा का विरोध करता है मुख्यमंत्री द्वारा समझौते पर हस्ताक्षर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मनोज राठी ने कहा कि दक्षिणी हरियाणा में जल संकट बढ रहा है। दक्षिणी हरियाणा के भिवानी, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, रेवाड़ी, झज्जर और हिसार में जल संकट बढ़ रहा है। सरकार की ओर से इन क्षेत्रों में जलापूर्ति के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है, जबकि राजस्थान को पानी देने के लिए समझौता किया जा रहा है। राजस्थान में अतिरिक्त पानी की आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने का फैसला बेतुका है।

# मलेरिया और डेंगू सीजन की शुरुआत के साथ स्वास्थ्य विभाग ने रोकथाम को लेकर कमर कसी, जिले की सभी सीएचसी पर बनेगी फिश हैचरी : डॉ. सुभाष खतरेजा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत के आदेशानुसार मलेरिया और डेंगू सीजन की शुरुआत के साथ स्वास्थ्य विभाग ने मच्छर जनित बिमारियों की रोकथाम और बचाव को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एंटी लारवा एक्टिविटी,सोर्स रिडक्शन गतिविधियों सहित समुदाय को जागरूक करने का अभियान शुरू कर दिया है। सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत ने जिले की सभी सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों को सभी सीएचसी पर फिश हैचरी स्थापित करने आदेश जारी किए हैं ताकि संबंधित सीएचसी के अधीन गांवों के सभी तालाबों में गंबूछिया या गप्पी मछलियां छोड़ी जा सकें। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ सुभाष खतरेजा ने बताया कि जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के सभी एमपीएचडब्ल्यू और हैल्थ इंस्पैक्टर कर्मचारियों को नियमित रूप से अपने अधीन एरिया में टूर करने के निर्देश दिए गए हैं। अभी तक जिला में एक मलेरिया और एक डेंगू का केस पाया गया है।

अभियान के अंतर्गत आज मौहल्ला डोगरान, रामपुरा और महावीर कालोनी आदि क्षेत्रों में मलेरिया, डेंगू और स्वाइन फ्लू की रोकथाम को लेकर हैल्थ इंस्पैक्टर जितेंद्र मलिक के नेतृत्व में अभियान चलाया, जिसमें एंटी लारवा एक्टिविटी, सोर्स रिडक्शन और लोगों को इस्तिहार बांटकर जागरूक किया। एमपीएचडब्ल्यू नूर मोहमद ने बताया कि सीजन की शुरुआत से ही स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर घर जाकर लोगों जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। लारवा पाए जाने पर मकान/संस्थान मालिक को नोटिस दिए जायेंगे। अभी लारवा कम है। तापमान में वृद्धि के साथ लारवा की बढ़ोतरी होगी। इसीलिए आमजन से अपील है कि अपने घर,आस-पड़ोस और छत पर पानी एकत्रित ना होने दें क्योंकि खड़े, रुके और बिना ढके पानी में ही मच्चरों की वृद्धि होती है। अभियान में एमपीएचडब्ल्यू नूर मोहमद, परमजीत, सुनील भानखड़, सुरेंद्र, अनूप, सतीश, संदीप, अनिल आदि ने भाग लेकर समुदाय को जागरूक किया।



# श्री तिरुपति बालाजी धाम में 21 मार्च को मनाया जाएगा होली महोत्सव

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** दक्षिण भारतीय संस्कृति को जीवंत करने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में 21 मार्च को होली महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव में बिना पानी की फूलों की होली खेली जाएगी। इसके लिए फूलों का विशेष रूप से प्रबंध किया जाएगा। इसके साथ-साथ श्रद्धालुओं को इत्र से सराबोर होने का भी अवसर मिलेगा। 21 मार्च को ही सायंकाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका निशा दीदी व उनकी मंडली श्री तिरुपति बालाजी, माता पद्मावती व माता गोदांबा सहित विभिन्न देवी-देवताओं का गुणगान करेंगे।अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति बालाजी धाम में होली महोत्सव सायं 4 बजे शुरू होगा। महोत्सव के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी रहेगी। इस महोत्सव में हिसार व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे।

# ‘बोले सो निहाल सत श्री अकाल’ के जयकारों के बीच दस अखण्ड पाठ साहिब हुए प्रारंभ

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** वह व्यक्ति बड़ा ही भाग्यशाली होता है जो सत्संग में आता है, क्योंकि बड़े ही भाग्य से सत्संग कीर्तन सुनने का अवसर मिलता है जिसे हमें गवाना नहीं चाहिए क्योंकि सत्संग से ही हमारे अंदर की प्रवृत्ति बदलती है। इसलिए हमें अपनी दिनचर्या में सत्संग, नितनेम व सिमरण अवश्य करना व सुनना चाहिए जिस से हमारा बेड़ा पार होगा उक्त उदगार स्थानीय डोगराण मोहल्ला में स्थित गुरुद्वारा डेरा भाई जीवन सिंह में मनाए जा रहे सत भाई गोला, सत भाई लच्छीराम जी का 76वां सालाना समागम में गुरुद्वारा के गद्दीनशीन भाई चरण जीत सिंह ने गुरुद्वारा में उपस्थित गुरु घर से जुड़ी साध संगतों के बीच व्यक्त किए। शब्द कीर्तन सत्संग से पूर्व गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधक कमेटी के सदस्यों व गुरू घर से जुड़ी साध सँगतो के बीच सतवीं पातशाही श्री गुरु हरिराय साहिब जी की असीम कृपा से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुद्वारा साहिब में बोले सो निहाल सत श्री अकाल’ के जयकारों के बीच 10 अखण्ड पाठ साहिब को एक साथ विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया व 76वां तीन दिवसीय सालाना समागम बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ किया गया। गुरुद्वारा के गद्दीनशीन भाई चरण जीत सिंह ने सरबत की भलाई के लिए अरदास की व साध सँगतो के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा के प्रधान देवकीनंदन, सचिव सुरेंद्र सिंह व हरमिंद्र सिंह हैप्पी ने आगामी तीन दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी में बताया कि गुरुद्वारा के गद्दीनशीन भाई चरणजीत सिंह के दिशा-निर्देश में समागम में शनिवार को सायं 4 से 6 बजे तक सत्संग का कार्यक्रम होगा। रात्रि 8 से 9 बजे तक भाई जोगा सिंह द्वारा शब्द कीर्तन होगा व रात्रि 09 से 11:30 बजे तक भाई जगजीत सिंह (रतिया वाले) व भाई प्रेम जीत सिंह हीरा संगरुर वाले अपनी मधुर वाणी से शब्द कीर्तन करेंगे। 03 मार्च को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक अखंड पाठों का विधिवत रूप से भोग होगा। इसके उपरांत भाई जोगा सिंह, भाई जगजीत सिंह (रतिया वाले) व भाई प्रेम जीत सिंह हीरा संगरुर वाले वाले अपने मुखारविंद से उपस्थित साध-संगतों को शब्द कीर्तन से निहाल करेंगे। इसके अलवा गुरुद्वारा के गद्दीनशीन भाई चरणजीत सिंह, सत भाई गोला, सत भाई लच्छी रामजी के इतिहास से संगतों को अवगत करवाएंगे। कार्यक्रम के उपरांत सरबत की भलाई के लिए अरदास होगी व आए अतिथियों को सम्मानित किया जाएगा व गुरुद्वारा के सेवादार हरमिन्द्र सिंह हैप्पी, गोबिंद बेदी, सुशील नागपाल, हरपाल सिंह गोल्डी अजय नागपाल, सोनू खुराना, सजंय भूटानी, कंवल जीत सिंह, की देखरेख में संगतों के बीच गुरु का अटूट लंगर बरतेगा।



# ओशो ध्यान उपवन में 10 मार्च को लगाया जाएगा शिव शक्ति साधना शिविर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** संत ओशो द्वारा शिव सूत्र पर आधारित प्रवचन माला का अनुसरण करते हुए शिव शक्ति साधना शिविर 10 मार्च को ओशो उपवन में आयोजित किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे चलने वाले इस साधना शिविर में तीन सत्रों के माध्यम से ध्यान व साधना के सरल सूत्र बताए जाएंगे। ध्यान की गहराई और बुद्धत्व की यात्रा में भगवान शिव का पहला नाम है। शिविर में इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। शिविर के समापन पर दोपहर 1 बजे सभी साधकों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। शिव शक्ति साधना शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि हिसार में सिरसा रोड पर स्थापित ओशो ध्यान उपवन साधकों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इसी ध्यान उपवन में भगवान शिव को समर्पित करते हुए एक दिवसीय शिविर आयोजित किया जा रहा है।

# ‘आया राम गया राम’ ने लंबे समय से भारतीय राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावित किया है



**दल-बदल विरोधी कानून सरकार स्थिरता में कारगर होने की बजाय खरीद फरोख्त का तरीका है। ‘दल-बदल क़ानून के दायरे से बचने के लिए विधायक या सांसद इस्तीफा दे रहे हैं, लेकिन ऐसा प्रावधान किया जाना चाहिए कि जिस पीरियड के लिए वो चुने गए थे, अगर उससे पहले उन्होंने स्वेच्छा से त्यागपत्र दिया, तो उन्हें उस वक्त तक चुनाव नहीं लड़ने दिया जाएगा।’ देशव्यापी कोई बहुत बड़ी वजह हो, आदर्शों की बात है या कोई बहुत उसूलों की बात है। तब तो ठीक है, लेकिन बिना वजह त्याग पत्र देने के बाद अगला चुनाव आप फिर से लड़ रहे हैं। तो ये तकनीकी तौर पर तो सही है, लेकिन व्यावहारिक तौर पर ये सारे लोग कानून में बारूदी सुरंग लगा रहे हैं। किसी भी कानून को तोड़ने वाले उसका तरीका निकाल लेते हैं, यहां जो तोड़ निकाला गया है, उसे रिसॉर्ट संस्कृति का नाम दिया जा रहा है।**

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

दल बदल ‘आया राम गया राम’ अभिव्यक्ति के साथ शुरू हुआ, जिसने हरियाणा के विधायक गया लाल द्वारा एक ही दिन में तीन बार पार्टियां बदलने के बाद भारतीय राजनीति में लोकप्रियता हासिल की। यह 1967 में हुआ था। संसद ने इस मामले का उपयोग भारतीय संविधान में 10वीं अनुसूची को जोड़ने को उचित ठहराने के लिए किया। यह कानून सदन के किसी अन्य सदस्य की याचिका के जवाब में विधायिका के पीठासीन अधिकारी द्वारा सांसदों को दलबदल के लिए अयोग्य घोषित करने की प्रक्रिया स्थापित करता है। कानून के अनुसार, यदि कोई राजनेता स्वेच्छा से अपनी पार्टी छोड़ देता है या हाउस ऑफ कॉमन्स में वोट पर पार्टी नेतृत्व के निर्देशों की अवज्ञा करता है, तो वह दलबदल करता है। धारणा यह है कि विधायक इस व्यवहार से पार्टी व्हिप का उल्लंघन कर रहे हैं।

दल-बदल विरोधी विधेयक का उद्देश्य विधायकों को पाला बदलने से रोककर सरकार को स्थिर रखना है। दल -बदल विरोधी कानून ने भारत में बहस और चर्चा के बजाय पार्टियों और संख्या के आधार पर लोकतंत्र लागू किया। इस तरह से यह असहमति और दलबदल के बीच कोई अंतर नहीं करता है, जिससे किसी भी पैमाने पर संसदीय बहस कमजोर हो जाती है। दूसरी ओर, यह कानून राजनेताओं को उनके राजनीतिक दलों से अनिश्चित काल के लिए बाध्य नहीं करता है। विभिन्न परिस्थितियों में विधायक अयोग्य ठहराए जाने के डर के बिना दल बदल सकते हैं। यह कानून किसी पार्टी को किसी अन्य पार्टी के साथ विलय की अनुमति देता है यदि उसके दो-तिहाई सदस्य इसे स्वीकार करते हैं। ऐसे में किसी भी सदस्य पर दलबदल का आरोप नहीं लगता। अन्य स्थितियों में, यदि कोई व्यक्ति अध्यक्ष या अध्यक्ष के रूप में चुना गया था और उसे अपनी पार्टी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। परिणामस्वरूप, वे पद छोड़ने के बाद फिर से पार्टी में शामिल हो सकते हैं।

भारत में परित्याग की अनेक घटनाएँ हुई हैं। कई विधायकों और सांसदों ने पार्टियां बदल ली हैं। 91वां संविधान संशोधन अधिनियम-2003 का लक्ष्य मंत्रिपरिषद के आकार को कम करना, दलबदलुओं को सार्वजनिक कार्यालय में प्रवेश करने से रोकना और भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची में सुधार करना था। पहले, विलय को एक राजनीतिक दल के निर्वाचित सदस्यों के एक तिहाई के दलबदल के रूप में परिभाषित किया गया था। संशोधन के बाद इसे कम से कम दो-तिहाई कर दिया गया। अदालत ने विधायक अयोग्यता के मामलों पर विचार करने में स्पीकर की व्यापक शक्ति की भी पुष्टि की।

यद्यपि हमारे देश के विधायकों की ओर से बार-बार और अपवित्र निष्ठा परिवर्तन के कारण होने वाली राजनीतिक अस्थिरता भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची के कारण काफी कम हो गई है, फिर भी भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची के अधिक तर्कसंगत संस्करण की आवश्यकता है। मणिपुर प्रशासन में कुछ मौजूदा विधायक हाल ही में विपक्ष में चले गए, जिससे राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता पैदा हो गई। मणिपुर में दलबदल की यह राजनीति असामान्य नहीं है; हाल ही में कर्नाटक, मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी दलबदल हुआ है। विधानमंडल के सदस्यों द्वारा राजनीतिक दलबदल ने लंबे समय से भारतीय राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावित किया है।

दल-बदल विरोधी कानून ने निर्वाचित प्रतिनिधियों की आवाज को दबा दिया है। विधायकों द्वारा पार्टी अनुशासन का पालन न करना एक राजनीतिक समस्या है, और इसे अधिक आंतरिक पार्टी लोकतंत्र और पार्टी के सदस्यों के विकास के तरीकों के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। भारत के संविधान का एक हिस्सा इसकी मूल भावना के खिलाफ है। यह दसवीं अनुसूची है, जिसे 52वें संशोधन द्वारा जोड़ा गया था। राजनीतिक दलबदल को रोकने के लिए 1985 में संसद द्वारा पारित किया गया, इसे आमतौर पर दलबदल विरोधी कानून के रूप में जाना जाता है। इसका उद्देश्य एक राजनीतिक दल के टिकट पर चुने गए विधायकों को दूसरे के प्रति अपनी निष्ठा बदलने से रोकना था।



इसका उद्देश्य राजनीतिक स्थिरता लाना था।

तब से, इसने हमारे निर्वाचित प्रतिनिधियों की आवाज़ को दबा दिया है, संवैधानिक कार्यालयों को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है और हमारे लोकतंत्र का मज़ाक उड़ाया है। दल-बदल विरोधी कानून 37 वर्षों तक स्थिर सरकारें सुनिश्चित करने में विफल रहा है। कुछ हालिया उदाहरण उद्धृत किये जा सकते हैं। इन विफलताओं के बावजूद, दल-बदल विरोधी कानून को छोड़ने के बजाय उसे मजबूत करने की मांग उठ रही है। मूल प्रश्न यह है कि क्या किसी पार्टी के विधायकों को अपनी वफादारी दूसरे के प्रति स्थानांतरित करने से रोकना कानूनी रूप से संभव है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पैसे के अलावा, ‘पद के लालच ने विधायकों के दल बदलने के फैसले में प्रमुख भूमिका निभाई।’ इसमें बताया गया है कि 1967 के चुनाव के बाद, सात राज्यों में दल बदलने वाले 210 विधायकों में से 116 उन सरकारों में मंत्री बन गए, जिन्हें उन्होंने अपने दलबदल से बनाने में मदद की थी।

इससे यह सवाल उठता है कि क्या हमारे प्रतिनिधि केवल अपने राजनीतिक संगठन के प्रति ही जिम्मेदार हैं? या क्या उन लोगों की राय व्यक्त करने की भी उनकी कोई ज़िम्मेदारी है जिन्होंने उन्हें चुना है? भारत में, विधायकों द्वारा पार्टी अनुशासन का पालन न करने का प्रश्न एक राजनीतिक मुद्दा है, जो उनके और उनके राजनीतिक दल के बीच का मुद्दा है। यदि राजनीतिक दल चाहते हैं कि उनके सदस्य पार्टी लाइन पर चलें, तो उनके नेतृत्व को आंतरिक पार्टी लोकतंत्र, संवाद और अपने सदस्यों के विकास के रास्ते को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। असली सवाल यह होगा कि संविधान को उन राजनीतिक दलों की मदद के लिए क्यों आना चाहिए जो अपने सदस्यों को एक साथ नहीं रख सकते। यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि दल-बदल विरोधी कानून हमारी विधायिकाओं के प्रभावी कामकाज से लगातार समझौता कर रहा है।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

# 7 मार्च तक हर बूथ पर जाएगी युवा भाजपा : हर्ष बामल

## भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने नव मतदाता युवा चौपाल कार्यक्रम के तहत ली कार्यकर्ताओं की बैठक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हर्ष बामल की अध्यक्षता में गत दिवस नव मतदाता युवा चौपाल के तहत भाजपा जिला कार्यालय में युवा कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हिसार लोकसभा युवा प्रभारी विजय देपल तथा लोकसभा युवा सह प्रभारी अजय धुंडवाल भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में हर्ष बामल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नए मतदाताओं का वोट महत्वपूर्ण है क्योंकि वे पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उनका मत राष्ट्रहित के लिए हो ऐसा युवा मोर्चा सुनिश्चित करेगा और अधिक से अधिक युवाओं को नव मतदाता युवा चौपाल के माध्यम से अपना पहला वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में डालने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही नए युवाओं को अधिक से अधिक पार्टी से जोड़ा जाएगा। हर्ष बामल ने कहा कि युवा मोर्चा पार्टी के अबकी बार 400 के नारे को सफल बनाते हुए 7 मार्च तक हिसार लोकसभा के हर बूथ पर जाकर लोगों से एक बार फिर से मोदी सरकार का आह्वान करेगा। इस अवसर पर लोकसभा युवा प्रभारी विजय देपल व सह प्रभारी अजय धुंडवाल ने बैठक में उपस्थित युवा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया वे पार्टी के लक्ष्य की पूर्ति के लिए कमर कस लें और अपने स्तर पर हर बूथ पर जाकर पार्टी की मजबूती के लिए काम करें। बैठक में मुख्य रूप से नरेश पूनिया, वीरेंद्र मेहता, मनोज कुमार व विनोद कुमार सहित काफी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के माध्यम से जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर ने निशुल्क उपलब्ध करवाए रजिस्टर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** बच्चों को निशुल्क समुचित शिक्षा मुहैया करवाने के लिए जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर ने बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के माध्यम से अभियान चलाकर विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को निशुल्क रजिस्टर उपलब्ध करवाए हैं। जेएमसी सेंटर के प्रतिनिधियों ने सरकारी व निजी विद्यालयों में सर्वेक्षण करके विद्यार्थियों की सूची बनाई और उसके अनुसार रजिस्टर का वितरण किया गया।

जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर की निदेशक मनीषा जैन ने बताया कि हिसार के केएल आर्य डीएवी स्कूल, लाहौरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, देवीभवन स्कूल एवं डिंग के गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल में रजिस्टर बांटे गए हैं। अभी बच्चों की परीक्षाओं के चलते फिलहाल इस अभियान को विराम दिया गया है। अप्रैल महीने में नया सत्र शुरू होते ही अन्य सरकारी व निजी विद्यालयों में रजिस्टर वितरित करने का अभियान दोबारा शुरू कर दिया जाएगा।

बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के ट्रस्टी राजेंद्र प्रसाद जैन ने बताया कि सोसायटी पूरी तरह समाज हित व शैक्षणिक कार्यों के प्रति समर्पित है। सभी सेवा कार्य नई दिल्ली की बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष बिमल प्रसाद जैन की रचनात्मक सोच के चलते क्रियान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों को निशुल्क पढ़ाने के साथ-साथ सरकारी विद्यालयों में लाइब्रेरी की स्थापना, शेड का निर्माण, टॉयलेट का निर्माण व वाटर कूलर की स्थापना में भी जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर का विशेष योगदान है।

# द ई5 महिला महाविदालय गढ़ी हांसी, में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 2 मार्च :** द ई5 महिला महाविद्यालय गढ़ी हांसी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान निबंध लेखन व पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध लेखन में बी एस सी क्लास की छात्राएं साक्षी प्रथम, रितेश द्वितीय,और मानसी तीसरे स्थान पर रही तथा पोस्टर मेकिंग में आंचल प्रथम और अकुंश व अन्मिता द्वितीय और मीनू व नितिका तीसरे स्थान पर रही। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. भावना, डॉ. चंद्रेश, मिस काजल, मिस श्वेता, मिस अलका और मिस प्रीती ने निभाई। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर डॉ. भावना ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. सी वी रमन के विज्ञान में योगदान व नेशनल साइंस डे 2024 की थीम 'विकसित भारत के लिए भारतीय स्वदेशी प्रोद्योगिकी' से अवगत कराया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर मिस अल्का और बी एस सी द्वितीय की छात्रा रितेश ने विज्ञान का मानव जीवन में पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामप्रताप ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को विज्ञान में नई खोज करके वैज्ञानिक तकनीक को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया व सभी स्टाफ सदस्यों व छात्राओं को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की बधाई दी।

## गुमशुदा की तलाश



विकास खुराना (उम्र 30 साल) कल शाम 6 बजे अपने घर (एचएयू, हिसार) से घूमने के लिए निकला था। अभी तक घर नहीं पहुंचा है। किसी को भी कोई जानकारी मिले तो नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें:-

**संपर्क सूत्र : 9518273396**
**(महेंद्र खुराना)**

## Name Change

I, Ashu W/o Pawan Kumar R/o H. No. 142B, Model Town, Mandi Adampur, Hisa, Haryana declare that I have changed my name from Ashu to Ashu Goyal for all future purpose.

- Deponent

## Name Change

I, Neetu W/o Manjeet Singh R/o H. No. 23-24, Sirsa Road, Housing Board Colony, Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Neetu to NEETU KAUR SONDHI for all future purpose.

- Deponent

## सार्वजनिक सूचना

मैं, प्रवीन कुमार पुत्र श्री भीम सिंह, निवासी गांव ढिंगसरा, तह. व जिला फतेहाबाद, हरियाणा सूचित करता हूं कि मैं सेना में नम्बर JC-481444H पद-सूबेदार पद से सेवारत हूं। यह है कि मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम राजबाला देवी है और उनकी जन्मतिथि 28.11.1977 दर्ज है। जबकि मेरी पत्नी के सभी दस्तावेजों में उनका नाम राजबाला व उनकी जन्मतिथि 15.04.1976 है। राजबाला देवी व राजबाला दोनों मेरी ही पत्नी के नाम है तथा दोनों नाम एक ही महिला के हैं। जोकि मेरे आर्मी दस्तावेजों में उनका नाम राजबाला व उनकी जन्मतिथि 15.04.1976 दर्ज की जाए।


FLEXIBLE WORK TIMINGS. UNLIMITED EARNINGS.

शुरू किजिए गृहिणी से बिजनेसवुमन बनने का सफर | अपने जीवन की दूसरी पारी शुरू कीजिए एक खास बिजनेस मौके के साथ

BENIFITS

Fixed Salary | Unlimited Income
International Conventions | PF & ESI Benefits
Part-Time/ Full-Time Opportunity

For Registration Call
Pawan Kataria
9215500748
Bharti AXA Life Insurance Company Ltd.
Office 1 & 2, 2nd Floor, Metropolis Mall, Opposite Vidyut Nagar, Hisar


# आंखों में कभी भी सुरमा न डालें : डॉ. एसबी जैन



डॉ. एस. बी. जैन डॉ. प्रवीण रेवड़ी।




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मार्च :** जैन आई अस्पताल के संचालक डॉ. एसबी जैन ने आंखों की देखभाल के टिप्स बताए हैं। उन्होंने बताया कि गर्मियों में आंखों में सबसे ज्यादा प्रॉब्लम एलर्जी की होती है। इसलिए जब भी बाहर निकलें अपनी आंखों को चश्मे, हेलमेट या कपड़े से कवर करें। गर्मियों में धूल-मिट्टी ज्यादा होती है इसलिए एलर्जी के चांस भी ज्यादा होते हैं। अपनी आंखों को ठंडे पानी से धोते रहें। गर्म पानी का इस्तेमाल न करें। साबुन, तेल, पाउडर, क्रीम या काजल-सुरमा का इस्तेमाल न करें। ये आंखों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। बता दें कि गर्मी और धूल में बैक्टेरिया ज्यादा पनपते हैं। अगर आंखों में एलर्जी या आईफ्लू की दिक्कत आए तो डॉक्टर की सलाह पर ही दवा लें। कई बार लोग कैमिस्ट से दवा लेते हैं वो ऐसी दवा देते हैं जिनमें स्टीरॉयड होता है। वो कुछ समय के लिए तो आंखों में आराम कर देता है लेकिन जब भी उसका सेवन बंद कर देते है तो आंखों में पहले से भी ज्यादा दिक्कत हो जाती है। स्टीरॉयड आंखों के लिए बेहद घातक होता है इसलिए आंखों में दिक्कत लगे तो डॉक्टर की सलाह से ही दवा लें। पहले देसी काजल तैयार कर आंखों में डाला जाता था और कहते थे कि ये आंखों के लिए फायदेमंद है लेकिन ऐसा कुछ नहीं है कोई भी काजल आंखों के लिए फायदेमंद नहीं होता। वो एक प्रकार की राख ही होती है। काजल एक कॉस्मेटिक प्रॉडेक्ट है जो केवल सुंदरता के काम आता है। पहले के जमाने में एक स्टिक से सूरमा लगाया जाता था उसको भी एक से ज्यादा महिलाएं इस्तेमाल में लाती थी। एक दूसरे के इस्तेमाल से आंखों में ट्रैकोरमा रोग एक से दूसरे में लग जाता था। उसका भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

### काला मोतिया से कैसे बचें?

वहीं काला मोतिया रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीन रेवड़ी ने बताया कि काला मोतिया एक बहुत खतरनाक आंखों का रोग है जो हमारी आंखों की रोशनी को पूरी तरह से खत्म कर देता है। सबसे खतरनाक बात तो ये है कि इस रोग के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते। ये केवल आंखों की निरंतर जांच से ही पता चलता है। इसलिए आंखों की नियमित जांच करवाते रहना चाहिए। काला मोतिया 40 साल की उम्र के बाद ज्यादा असरदार होता है। इसलिए आंखों की नियमित जांच करवाएं और डॉक्टर की सलाह से दवा लें।

# हरियाणा वन मित्र योजना : स्वच्छ वातावरण और बढ़ते वृक्षारोपण-वन एवं वन्य जीव विभाग, हरियाणा के पोर्टल पर कर सकते हैं पंजीकरण

**पाठकपक्ष न्यूज**

**पंचकूला, 2 मार्च :** वन एवं वन्य जीव विभाग, हरियाणा द्वारा गैर वन भूमि में वन आवरण को बढ़ाने, स्वच्छ वातावरण के निर्माण के साथ-साथ सामुदायिक भागीदारी व पौधारोपण को बढ़ाने के लिए वन मित्र (गैर वन भूमि पर पौधारोपण की योजना) राज्य में वन क्षेत्रों में कमी को पहचानते हुए इस योजना का उद्देश्य वृक्ष आवरण बढ़ाने में स्थानीय समुदायों को सीधे शामिल करना है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के 7500 स्थानीय स्वयंसेवकों के समर्थन का लाभ उठाकर इस योजना में पर्यावरण संरक्षकता की संस्कृति और वृक्षारोपण और देखभाल के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने की परिकल्पना की गई है। कि योजना का उद्देश्य वृक्षारोपण में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। वन मित्र योजना सामुदायिक संसाधनों को जुटाने और वृक्षारोपण की देखभाल के लिए उत्साह पैदा करने के उद्देश्य से एक रणनीतिक कदम है।

**पात्र परिवारों की पहचान और पंजीकरण**

1.8 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले पात्र परिवारों/व्यक्तियों की पहचान नागरिक संसाधन सूचना विभाग (सीआरआईडी) द्वारा बनाए गए परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के आंकड़ों से की जाएगी और योजना में भाग लेने के लिए पात्रता की सूचना परिवारों को विभिन्न माध्यम द्वारा दी जाएगी। इस संदेश के माध्यम से हितधारकों को योजना की वन मित्र पोर्टल/मोबाइल एप पर पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसी प्रकार से पंजीकरण के लिए पात्र परिवार वन मित्र मोबाइल एप पर परिवार के एक योग्य सदस्य द्वारा लगाये जाने वाले पौधों की संख्या दर्ज की जायेगी जिसकी अधिकतम सीमा 1000 होगी। पंजीकृत आवेदकों में कम पारिवारिक आय एवं आयु में कम आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। पंजीकरण के लिए पोर्टल एचटीटीपी ://164.100.137.122/वनमित्र पर लॉगिन किया जा सकता है।

**वन मित्र की भूमिका और उत्तरदायित्व**

वन मित्र को रोपण के लिए आवश्यक भूमि की पहचान और व्यवस्था करनी होगी। यदि वृक्षारोपण के लिए पहचानी गई भूमि वन मित्र के स्वामित्व में नहीं है तो वह मालिक से लिखित रूप में अनुमति प्रदान करेगा, वृक्षारोपण के लिए आवश्यक गड्ढे खोदना और गड्ढे में वृक्षारोपण करना और मानक संचालन प्रक्रियाओं में निहित विनिर्देशों के अनुसार उनकी देखभाल करना तथा वृक्षारोपण की सलफता सुनिश्चित करनी होगी।

**वन विभाग की भूमिका और उत्तरदायित्व**

वन मित्र को रोपण के लिए स्वस्थ पौधे उपलब्ध कराना, वन मित्र को वृक्षारोपण की तकनीकों और इसके रखरखाव व संरक्षण और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) की तैयारी जैसे खरपतवार-कटाई, सिंचाई, ठंड से पौधों की सुरक्षा के उपाय पर बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान करना, वन रक्षक, वन दरोगा और रेंज अधिकारी वन मित्रों को उनके अधिकार क्षेत्र के भीतर वृक्षारोपण के संबंध में जब-जब आवश्यकता होगी सलाह देंगे तथा वन मित्र द्वारा किए गए वृक्षारोपण के सफलता प्रतिशत के मूल्यांकन का दस्तावेजीकरण करना है।

**कार्यान्वयन समयरेखा और गतिविधियां**

प्रथम वर्ष में फरवरी व मार्च में पंजीकरण, चयन और प्रशिक्षण दिया जाएगा। 10 जून तक वृक्षारोपण के लिए गड्ढे खोदने का काम पूरा, 1 जुलाई से 15 अगस्त तक रोपण अवधि होगी। 31 अगस्त तक वृक्षारोपण सत्यापन और जियो टैगिंग का पूरा होना तथा सितंबर से अप्रैल तक वृक्षारोपण का रखरखाव और संरक्षण का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार से दूसरा, तीसरा और चौथा वर्ष में वृक्षारोपण का रखरखाव और संरक्षण का कार्य वन मित्र द्वारा किया जाएगा।

**मानदेय**

प्रथम वर्ष के दौरान जून के अंतिम सप्ताह तक जियो टैगिंग और मोबाइल एप पर वन मित्र द्वारा गड्ढों का फोटोग्राफ अपलोड करने पर 20 रुपये प्रति गड्ढा, जुलाई और अगस्त के अंतिम सप्ताह तक वन मित्र द्वारा लगाए गए पौधे की जियो टैगिंग के बाद 30 रुपये प्रति पौधा तथा सितंबर से महीनों के अंतिम सप्ताह तक रोपण के रखरखाव और संरक्षण के लिए 10 रुपये प्रति जीवित पौधा दिया जाएगा। इसी प्रकार से द्वितीय वर्ष में हर महीने के अंतिम सप्ताह में 8 रुपये प्रति जीवित पौधा, तीसरे वर्ष में 5 रुपये प्रति जीवित पौधा हर महीने के अंतिम सप्ताह में तथा चौथे वर्ष 3 रुपये जीवित पौधा हर महीने के अंतिम सप्ताह में वन मित्र को दिए जाएंगे।

**अधिक जानकारी के लिए यहां करे संपर्क**

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति अधिक जानकारी के लिए वन एवं वन्य जीव विभाग, हरियाणा के हेल्पलाइन नंबर 0172-6619061 अथवा जिले के वन मंडल अधिकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के दौरान सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकता है।


BLOOMING DALES SCHOOL
Sector 15-A, Hisar
A Sr. Sec. School, Affiliated to C.B.S.E.
bloomingdalesschool99@gmail.com
Required Librarian
Qualification as per CBSE Norms
Send hand written application with Bio-data, photography & photocopy of educational certificates in school office or mail address. Fluency in ENGLISH SPOKEN MUST & Experienced hand will be preferred. Principal
Principal

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573






अब बर्तन चाँदी से चमके

Mahatma Gandhi Institute of Medical Sciences
We are Hiring
Medical Staff
• GNM Staff
Minimum 1 Year Experience
• B.Sc. Staff
Minimum 1 Year Experience
• ICU Staff
Well experienced & qualified
Salary no bar for deserving candidates
Interview
Friday & Saturday
Timing: 5 pm to 6 pm
Call Now : 93062 11312, 9992487111
e-mail : mghhisar2017@gmail.com
ITI, Chowk, Behind Hari Palace, Hisar


भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान
ट्रैक्टर नगर, सिरसा रोड, हिसार (हरियाणा)

Website: http://nrfmtti.gov.in, E-mail: fmti-nr@nic.in, Tel./Fax: 01662276984, GSTIN: 06AAAGN0273PIZ3

## NOTICE INVITING QUOTATIONS

This Institute is inviting applications for engagement of a Registered Private Medical Practitioner on part time basis for the Dispensary of NRFMTTI, Hisar. The interested doctors may send sealed quotations quoting the rate of remuneration per month which should reach this office on or before 16.03.2024. The terms and conditions are as under :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Period of engagement of Private Medical Practitioner | One year, the period may be extended further two years (one by one year) if the services are found satisfactory. Tenure may be discontinued at any time without any notice, if the services are found irregular/ poor. |
| 2. | Qualification | M.B.B.S |
| 3. | Age | Upto 55 Years |
| 4. | Services required in a day | One hour daily (3.00 PM to 4.00 PM. Monday to Saturday). Part time doctor may be called at any time/ day in emergency. No fee shall be paid on such visits. |

DIRECTOR




# सरकार सिविल अस्पतालों की व्यवस्था को ठीक करे

## आयुष्मान योजना की राशि डॉक्टरों को समय पर दी जाए : डॉ. नलवा

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 2 मार्च (देवेन्द्र उप्पल):** नेशनल मेडिकल ऐसासिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और आईएमए हिसार के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जेपीएस नलवा ने आयुष्मान योजना के बारे में बताते हुए कहा कि आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए बहुत फायदेमंद योजना है। इससे जुड़े हर व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचता है लेकिन अब अस्पतालों ने सरकार से शिकायत की है कि उनको इलाज का पैसा समय पर नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि सरकार ने जब ये योजना शुरू की तो ये तय किया था कि रोगी के इलाज के 15 दिन के अंदर संबंधित अस्पताल के पास इलाज में खर्च हुआ पैसा आ जाएगा। शुरुआत में 15 दिन में अस्पतालों के पास पैसा आ भी जाता था लेकिन धीरे-धीरे यह समय बढ़ता गया। अब हालात ये हो गए हैं कि कई-कई महीनों तक अस्पतालों को अपनी राशि का इंतजार करना पड़ता है। इसमें मुख्यमंत्री को हस्तक्षेप करना चाहिए और अस्पतालों का



पैसा जारी करवाना चाहिए। इस सिस्टम को सुधारा जाना चाहिए ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों के इलाज में किसी तरह की कोई भी बाधा न आए और अस्पताल भी समय से और बढ़िया इलाज दे पाएं।

अस्पतालों के गैर जरूरी टैस्ट करवाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। अस्पतालों में पैकेज होते हैं उनमें लीवर फंक्शनल टैस्ट, किडनी फंक्शनल टैस्ट और हार्ट से संबंधित भी कुछ और टैक्ट होते हैं जो मरीज अस्पताल में आकर खुद सारे टैस्ट करवाते हैं। कुछ अस्पताल जो जरूरी टैस्ट हैं सिर्फ वही लिखते हैं लेकिन कुछ अस्पताल पैनल भी लिखते हैं। पैनल में टैस्ट का खर्च थोड़ा महंगा पड़ता है। अगर डॉक्टर समय निकालकर जरूरी टेस्ट ही लिखें तो इस समस्या से पार पाया जा सकता है।

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार बेहद जरूरी

स्वास्थ्य सेवाओं का सुधार करना बेहद जरूरी है। गुजरात के सभी सिविल अस्पताल मेडिकल कॉलेज से जुड़े हुए हैं। हमारे यहां ऐसा नहीं है। हमारे अस्पतालों में सुविधाएं कम हैं, डॉक्टर्स की कमी है। हाल ही में एक नेशनल कॉन्फ्रेंस में बताया गया था कि इसका समाधान डिजिटल हेल्थ है। जहां टीचर नहीं हैं। एम्स जैसे अस्पतालों के डॉक्टर ऑनलाइन कक्षाएं लेंगे। जब ऐसा हो जाएगा तो मेडिकल स्टडीज की क्षमता बढ़ जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि ड्रेस कोड बहुत जरूरी है। ड्रेस कोड से आने वाला व्यक्ति प्रभावित होता है। आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार पर कोई भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। जो सरकार अच्छा काम करेगी उसी को प्राथमिकता देनी चाहिए। आज केंद्र और राज्य सरकार पर कोई भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ईमानदार छवि के हैं और पीएम मोदी अपने कार्यकर्ताओं पर खास नजर रखते हैं। इसी कारण सभी जगह समान विकास कार्य हो रहे हैं। हमें एक सशक्त प्रधानमंत्री मिला है उसका फायदा उठाना चाहिए।

### अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में कैंसर अस्पताल बनाने के फिर से करने चाहिए प्रयास

अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में कैंसर अस्पताल बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कैंसर अस्पताल खोलना बहुत अच्छी बात है अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में खुलने वाले प्रस्तावित कैंसर अस्पताल का प्रोपोजल किसी टेक्नीकल दिक्कत के कारण रुका हुआ है। अग्रवाल समाज आदरणीय समाज है। सदैव ही समाज के लिए कुछ न कुछ करता रहा है। ये पहल भी बहुत अच्छी है। इसमें सभी संस्थाओं एक साथ आकर दोबारा से प्रयास करना चाहिए। एक प्रतिनिधिमंडल बनाना चाहिए। और सरकार तक फिर से इसकी मांग पहुंचानी चाहिए। अगर जरूरत पड़े तो केंद्र सरकार के पास भी प्रपोजल रखना चाहिए।

# जीयू रैंकिंग में गुजवि विश्व में 1045वें व देश में 26वें और प्रदेश में पहले स्थान पर

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 2 मार्च :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (हरियाणा) को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित वैश्विक विश्वविद्यालय रैंकिंग (जीयू), लंदन, 2023 में विश्व में 1045वां, ग्रेड 'ए' व बैंड 'गोल्ड' और भारत में 26वां स्थान मिला है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि दुनिया भर के सरकारी व निजी 1500 उच्च शिक्षण संस्थानों को दुनिया भर में प्रतिष्ठित ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 के लिए शामिल किया गया था। भारत से 51 उच्च शिक्षा संस्थानों को स्थान दिया गया है और गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार हरियाणा का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय है, जिसने इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए हरियाणा में नंबर 1 स्थान हासिल किया है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि यह रैंकिंग 15 व्यापक मापदंडों पर आधारित रही, जिनमें अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान आउटपुट, वैश्विक प्रतिष्ठा, छात्र सफलता, संकाय-से-छात्र अनुपात, अंतर्राष्ट्रीय विविधता, अनुसंधान निधि, सुविधाएं और बुनियादी ढांचा, वैश्विक साझेदारी, नवाचार एवं उद्यमिता, सामुदायिक जुड़ाव, वित्तीय स्थिरता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही, पूर्व विद्यार्थियों की सफलता, सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक महत्व शामिल थे।

### स्पेशल मर्सी चांस परीक्षाओं के लिए केंद्र में किया बदलाव

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के सैंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के अंतर्गत होने वाली स्पेशल मर्सी चांस परीक्षाओं के संचालन के लिए परीक्षा केन्द्र में बदलाव किया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि स्पेशल मर्सी चांस की परीक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर स्थित हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में होंगी। पहले इन परीक्षाओं के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के समबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

## गांव गंगवा में जांच शिविर, 125 लोगों ने करवाई जांच



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 2 मार्च :** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की एनएसएस इकाई के साप्ताहिक विशेष शिविर के छठे दिन सर्वेश हेल्थ सिटी के संयुक्त सौजन्य में गंगवा गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम सचिवालय में आयोजित शिविर में 125 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। कैंप का शुभारंभ गांव के सरपंच भगवान दास ने किया। ग्रामवासियों ने ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह से संबंधित रोग के लिए सर्वेश हेल्थ सिटी के डॉक्टरों की टीम से परामर्श लिया। जाट महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया।

## किरतान में पोलियो मुक्त भारत अभियान चलाया

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 2 मार्च :** नेहरू युवा केन्द्र हिसार, आजाद हिन्द युवा क्लब और किरतान उप स्वास्थ्य केन्द्र ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला किरतान के सहयोग से गांव में पोलियो उन्मूलन रैली निकाली। गांव में पोलियो मुक्त भारत अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को पोलियो की जानकारी दी गई और उन्होंने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाने के प्रति जागरूक किया किया। क्लब के प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बताया कि घर घर में जाकर लोगों को जागरूक किया और उन्होंने पोलियो उन्मूलन अभियान के बारे में बताया। 0 से 5 पांच की उम्र तक के बच्चों को उप स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केंद्र पर पोलियोरोधी ड्रॉप्स पिलाई गई। इस अभियान में प्राइमरी हेड टीचर सुरजीत सिंह, मास्टर मुकेश कुमारी, एएनएच सुमन लता, दीपिका, प्रोमिल आर्य व पूजा आदि मौजूद थे।

# विधायक विनोद भयाना ने 2 करोड़ 80 लाख लागत की कई विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

## शहर के जींद चौक पर श्री श्याम तोरण द्वार का निर्माण कार्य शुरू, 50 लाख की लागत से 5 माह के अंदर बनकर होगा तैयार

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हांसी, 2 मार्च :** विधायक विनोद भयाना ने शनिवार को शहर के जींद चौक पर 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले श्री श्याम तोरण द्वार सहित हल्के के विभिन्न गांव में 2 करोड़ 80 लाख रुपए से होने वाली विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

श्री भयाना ने इस दौरान कहा के श्री श्याम तोरण द्वार के निर्माण कार्य का शुभारंभ मेरे हाथों से होना मेरे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है। आज मुझे बहुत खुशी हो रही है कि इस कार्य के लिए बाबा श्री श्याम जी ने मुझे चुनकर श्याम प्रेमियों की बरसों पुरानी मांग को पूरा करने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि फिलहाल राज्य सरकार द्वारा इस द्वार के निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की राशि अलॉट की गई है। इस तोरण द्वार को बहुत ही भव्य एवं शानदार बनाया जाएगा। इसके लिए अगर और धनराशि की आवश्यकता पड़ी तो वह भी अविलंब उपलब्ध करवा दी जाएगी।



विधायक ने कहा की तोरण द्वार के निर्माण को लेकर चार-पांच माह की समय अवधि निर्धारित की गई है। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों से कहा कि वे निर्धारित समय अवधि से पहले ही निर्माण कार्य पूरा करवाने के प्रयास करें। तोरण द्वार का निर्माण ऐसे स्थल पर किया जा रहा है जहा से कुछ ही दूरी पर बाबा श्री श्याम मंदिर स्थित है, मंदिर में हर वर्ष हजारों- लाखों श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए आते हैं। इस तोरण द्वार के बनने से एक तरफ जहा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत होगा वहीं दूसरी ओर शहर की सुंदरता को ही चार चांद लगेंगे।

**इन विकास परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू**

विधायक विनोद भयाना शनिवार को पूरे दिन फील्ड में रहे । इस दौरान उन्होंने हल्के के विभिन्न गांव में करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। शहर में श्री श्याम तोरण द्वार का शिलान्यास करने के बाद विधायक ने पंचायती रामलीला ग्राउंड में मिनी बैंक्विट हॉल का उद्घाटन , ढाणी राजू गांव में 68 लाख रुपए की लागत से बनने वाली तालाब की चार दिवारी के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आगामी 6 माह के अंदर यह निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद उन्होंने पुट्ठी मंगल खा गांव में 97 लाख रुपए की लागत से बनने वाली रिटर्निंग वॉल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और कहा कि आगामी 6 माह के अंदर यह निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसी प्रकार से उन्होंने जमावड़ी गांव में 49 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 1 किलोमीटर लम्बी गांव की फिरनी को पक्का करवाने के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और कहा कि तीन माह के अंदर फिरनी का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद विधायक ने ढाणी गुजरान गांव में जोगी चौपाल की आधारशिला रखी और इसके निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने लोगों की मांग को पूरा करते हुए बीसी चौपाल के लिए भी 5 लाख रुपये व 5 लाख रुपये माला के खेत से रामकुमार के खेत तक रास्ते को पक्का करवाने हेतु 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। विधायक ने गांधी मार्केट में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर पार्टी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान नगर परिषद के अध्यक्ष प्रवीण इलाहाबादी पंचायती राज विभाग की एसडीओ पृथ्वीराज सरपंच सरपंच संगठन के प्रधान प्रदीप लादी, पुरुषोत्तम, दीवान सिंह गुर्जर, रतन सिंह, सुरेश अध्यक्ष, जगदीश चंदेल, हरि सिंह, भगत सिंह, राजू प्रधान, प्रदीप चौधरी, राजेंद्र कसाना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति तथा कई विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सभी गांव में विधायक ने सुनी जन समस्याए, लोगों ने किया जोरदार स्वागत

विधायक विनोद भयाना शनिवार को जिस भी गांव में विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने पहुंचे वहां लोगों ने उनका फूल मालाएं पहनकर जोरदार तरीके से स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने जन समस्याएं भी सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि हर समस्या का समाधान हर हाल में करवाया जाएगा।

## बसपा की संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति यात्रा शुरू, 4 को पहुंचेगी हिसार

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 2 मार्च :** बहुजन समाज पार्टी ने आम चुनावों के मद्देनजर आज हरियाणा में बिगुल फूंक दिया। 1 मार्च से 10 मार्च तक बहुजन समाज पार्टी हरियाणा यूनिट बसपा के राष्ट्रीय प्रभारी आकाश आनंद के नेतृत्व में हरियाणा की प्रत्येक लोकसभा में मान्यवर साहेब कांसीराम के सम्मान में, संविधान बचाओ, सत्ता प्राप्ति संकल्प रथ यात्रा का आज फरीदाबाद के पृथला क्षेत्र से शुरू कर दिया। कार्यक्रम की शुरुवात के दिन ही राष्ट्रीय प्रभारी आकाश आनंद का आना हरियाणा बसपा की सक्रियता को दर्शाता है। यह संकल्प रथ यात्रा विभिन्न जिलों से होते हुए 4 तारीख को हिसार लोकसभा क्षेत्र में प्रवेश करेगी। इसके स्वागत व सफल बनाने के उद्देश्य से बसपा हिसार के पदाधिकारियों में खासा जोश देखा जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी हिसार प्रदेश सचिव डा. प्रदीप अंबेडकर के नेतृत्व में बसपा हिसार के लोकसभा प्रभारी रामदिया खेडी व जिलाध्यक्ष रामफल बौद्ध ने आज जिले के विभिन्न हलकों में आज बैठकें की व अन्य पदाधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियां लगाई।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।




